शनिवार, 17 जनवरी 2026

मौसम

तापमान 13 – 25
आर्द्रता 60%
सूर्योदय: 06:19 सूर्यास्त: 17:14

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मदद करने पर लोग भूल जाते हैं, यदि ना करो तो याद रखते हैं।



युवा ज्ञान पाने के लिए विदेश जा सकते हैं, पर दक्षता का उपयोग भारत के विकास हेतु हो: भागवत पृष्ठ 7






## प्रधानमंत्री का आज से दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरा

# 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

**रेल, सड़क और जल परिवहन से बदलेगी पूर्वी भारत की तस्वीर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भारत के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज, 17 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री राज्य को रेल, सड़क, जल परिवहन और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। यह दौरा पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत की कनेक्टिविटी को नई मजबूती देने के साथ-साथ आर्थिक विकास को तेज गति प्रदान करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के इस दौरे में मालदह और हुगली जिले विशेष रूप से केंद्र में हैं, जहां कई बड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और शुभारंभ किया जाना है।



प्रधानमंत्री आज दोपहर लगभग 12:45 बजे मालदह पहुंचेंगे। यहां मालदह टाउन रेलवे स्टेशन पर वे हावड़ा-गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह पूरी तरह से वातानुकूलित आधुनिक ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा को तेज, सुरक्षित और किफायती बनाएगी। इसके बाद दोपहर करीब 1:45 बजे प्रधानमंत्री मालदह में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का करेंगे शुभारंभ**

**मालदह में रेल-सड़क परियोजनाओं की बड़ी सौगात**

मालदह दौरे के दौरान प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्वी राज्यों की कनेक्टिविटी को सशक्त करने के उद्देश्य से कई अहम परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें बालुरघाट-हिली के बीच नई रेल लाइन, न्यू जलपाईगुड़ी में अगली पीढ़ी की माल ढुलाई रखरखाव सुविधाएं, सिलीगुड़ी लोको शेड का उन्नयन तथा जलपाईगुड़ी जिले में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव से जुड़ी सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल है। इन परियोजनाओं से यात्री और माल ढुलाई संचालन मजबूत होगा, रसद दक्षता बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री न्यू कूचबिहार-बामनहाट और न्यू कूचबिहार-बक्सिरहाट रेल लाइनों के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे तेज, स्वच्छ और ऊर्जा-कुशल ट्रेन परिचालन संभव होगा। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जबकि दो नई एलएचबी कोच आधारित लंबी दूरी की ट्रेनों का शुभारंभ भी किया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग-31डी के धूपगुड़ी-फालाकाटा खंड के पुनर्निर्माण और चार लेन निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे उत्तरी बंगाल में सड़क संपर्क बेहतर होगा।

**हुगली में विकास, जल परिवहन और आधुनिक कनेक्टिविटी**

प्रधानमंत्री 18 जनवरी को हुगली जिले के सिंगूर पहुंचेंगे, जहां वे लगभग 830 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। इनमें, बालागढ़ में विस्तारित पोर्ट गेट सिस्टम की आधारशिला प्रमुख है, जिसमें अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनल और ओवरब्रिज शामिल होगा। करीब 900 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा यह आधुनिक कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल माल ढुलाई को शहरी क्षेत्रों से बाहर ले जाकर लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाएगा, जिससे कोलकाता शहर में ट्रैफिक और प्रदूषण कम होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री कोलकाता में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक कैटामरान का भी शुभारंभ करेंगे, जो हुगली नदी पर पर्यावरण-अनुकूल शहरी जल परिवहन को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, जयरामबाटी-बरोगोपीनाथपुर-मयनापुर नई रेल लाइन का उद्घाटन और तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री का यह दौरा पूर्वी भारत को आधुनिक बुनियादी ढांचे और बेहतर कनेक्टिविटी के जरिए विकास के नए पथ पर आगे ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

# झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन, कई घंटे सड़क-रेलमार्ग बाधित

**'ट्रैफिक बूथ' में तोड़फोड़ और एक पुलिस वाहन को नुकसान, पथराव से 12 लोग घायल**



**एक महिला पत्रकार पर भी किया गया हमला**

**ममता सरकार का मृत मजदूर के परिवार को आर्थिक सहायता व नौकरी का आश्वासन**

**मुर्शिदाबाद :** झारखंड में एक प्रवासी मजदूर की मौत के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों से शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले के कई हिस्सों में आम जनजीवन प्रभावित हुआ, क्योंकि आक्रोशित स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक और राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को घंटों तक अवरुद्ध रखा। इससे हजारों यात्री फंस गए और मुख्य सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही। पुलिस के साथ झड़प के दौरान भीड़ के कुछ समूहों ने एक 'ट्रैफिक बूथ' में तोड़फोड़ की और एक पुलिस वाहन को नुकसान पहुंचाया, जिससे तनाव बढ़ गया। पथराव में कम से कम 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से कई मीडिया कर्मी शामिल हैं। एक बांग्ला समाचार चैनल की महिला पत्रकार पर उपद्रवी प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर हमला किया। एक अन्य पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटनाक्रम की शुरुआत अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा के सुजापुर कुमारपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के निवासी अलाउद्दीन शेख (36) की मौत से हुई। शेख का शव झारखंड में उसके किराए के मकान से बरामद किया गया, जहां वह कबाड़ का व्यापार करता था।

परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उसकी पीटकर हत्या की गई और बाद में फंदे पर लटका दिया गया ताकि यह आत्महत्या जैसा लगे। शुक्रवार की सुबह जब उसका शव गांव में लाया गया तो रोष उत्पन्न हो गया। सुबह करीब 9 बजे से, सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने महेशपुर में सियालदह-लालगोला रेलवे लाइन पर कब्जा जमा लिया और पटरियों पर बांस के डंडों का ढेर लगा दिया, जबकि अन्य लोगों ने टायर जलाकर एनएच-12 को अवरुद्ध कर दिया, जिससे उत्तर और दक्षिण बंगाल के बीच रेल और सड़क संपर्क प्रभावित हुआ। कई स्थानीय और लंबी दूरी की ट्रेनें रोक दी गईं और सैकड़ों बसें और ट्रक राजमार्ग पर फंस गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी सजा और जिले के प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे थे। वरिष्ठ जिला अधिकारियों की लंबी बातचीत के बाद दोपहर के आसपास रेल और सड़क यातायात धीरे-धीरे फिर से बहाल हो सका। बहरामपुर के पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मृतक के घर जाकर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

# बंगाल सरकार ने निपाह वायरस संक्रमण के उपचार के लिए दिशानिर्देश जारी किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने निपाह वायरस संक्रमण के संदिग्ध और पुष्टि हो चुके मामलों के उपचार के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिशानिर्देश में, संक्रमण और मृत्यु को रोकने के लिए शीघ्र जांच, पृथकवास का सख्ती से अनुपालन और प्रोटोकॉल-आधारित चिकित्सा प्रबंधन पर जोर दिया गया। दिशानिर्देश के अनुसार, निपाह के सभी संदिग्ध मामलों को तुरंत पृथक किया जाना चाहिए और संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के कड़े उपायों के साथ निर्दिष्ट स्वास्थ्य केंद्रों में उनका प्रबंधन किया जाना चाहिए। ऐसे मरीजों की देखभाल करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है, जिसमें उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। दिशानिर्देश में इस बात पर बल दिया गया है कि सहायक देखभाल संक्रमण के उपचार का आधार बनी हुई है, क्योंकि निपाह वायरस संक्रमण के लिए कोई भी निश्चित एंटीवायरल दवा अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है। हालांकि, रिबाविरिन नामक एंटीवायरल दवा पर राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय परामर्श के अनुसार, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले मामलों में, विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर विचार किया जा सकता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को निगरानी मजबूत करने, त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने और संदिग्ध मामलों की समय पर पुष्टि के लिए प्रयोगशालाओं के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार ने कहा कि वह निपाह से संबंधित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और प्रोटोकॉल लागू किया गया है।

# बीएमसी में महायुति की महाविजय: 118 सीटें जीतकर किया बहुमत का आंकड़ा पार

**मुंबई :** महायुति गठबंधन ने शुक्रवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया। इस गठबंधन ने कुल 227 सीटों में से 118 सीटें जीतकर बढ़त बनाई। भाजपा ने 89 सीटें जीतीं, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिव-सेना ने 29 सीटें हासिल की। सत्तारूढ़ गठबंधन ने बहुमत के लिए जरूरी 114 सीटों से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने शुक्रवार देर शाम राज्य के 29 नगर निकायों की 2,869 में से 2,784 सीट के परिणाम घोषित किए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 1,372 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। यहां एक अधिकारी ने बताया कि शेष 85 सीट के परिणाम देर रात घोषित होने की उम्मीद है।

# वेनेजुएला की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने ट्रंप को अपना पदक भेंट किया



**वाशिंगटन :** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बृहस्पतिवार को अपना नोबेल शांति पुरस्कार पदक भेंट किया। मचाडो ने इससे पहले कई मौकों पर कहा था कि वह अपना नोबेल पुरस्कार ट्रंप को दे देंगी। उन्होंने बृहस्पतिवार को 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब अमेरिका ने कुछ दिन पहले ही वेनेजुएला में सैन्य हमला कर उसके नेता निकोलस मादुरो को पकड़ने की कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर जारी एक तस्वीर में मचाडो 'ओवल ऑफिस' (राष्ट्रपति का कार्यालय) में ट्रंप के साथ खड़ी नजर आ रही हैं और ट्रंप के हाथ में नोबेल शांति पुरस्कार पदक है। इस तस्वीर के 'कैप्शन' में लिखा है, ''मारिया कोरिना मचाडो को प्रदान किया गया 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार पदक।''

# अल्पसंख्यकों का गुस्सा 'जायज', दंगे भड़काने की साजिश रच रही भाजपा : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में प्रवासी मजदूरों को मुख्य रूप से बांग्ला भाषा बोलने के कारण प्रताड़ित किया जा रहा है। ममता ने कहा कि भाजपा 'राज्य में दंगे भड़काने की साजिश' रच रही है, क्योंकि उसे एहसास हो गया है कि वह 2026 का विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में हुए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय का गुस्सा 'जायज' है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन प्रवासी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की बार-बार होने वाली घटनाओं के कारण हुआ। इस दिन, उत्तर बंगाल दौरे पर रवाना होने से पहले हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि बंगाल से संबंध रखने वाले प्रवासी मजदूरों को बांग्ला भाषा बोलने के कारण केवल भाजपा शासित राज्यों में ही प्रताड़ित किया जा रहा है। यह गैरकानूनी है और इसे जारी नहीं रहने दिया जा सकता।

# केंद्र से 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मिली मंजूरी, सीसीएस में लगेगी अंतिम मोहर

**पीएम मोदी और फ्रांस राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात के दौरान अंतिम रूप देने की कोशिश**

**नयी दिल्ली :** भारत की वायु रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा खरीद बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलना इस बहुप्रतीक्षित सौदे की पहली बड़ी औपचारिक सफलता मानी जा रही है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाले रक्षा खरीद बोर्ड ने शुक्रवार को हुई बैठक में इस आशय का प्रस्ताव मंजूर कर लिया। यह प्रस्ताव अब रक्षा अधिग्रहण परिषद के पास जाएगा, जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इसके बाद लागत पर बातचीत होगी और अंततः इस सौदे को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी से अंतिम मंजूरी लेनी होगी। भारत सरकार जिस राफेल लड़ाकू विमान डील पर काम कर रही है, उसकी कुल लागत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये (लगभग 36 अरब डॉलर) बताई जा रही है। यह सौदा अब तक का भारत का सबसे बड़ा रक्षा सौदा माना जा रहा है। इसके तहत कुल 114 राफेल विमान खरीदे जाएंगे। इनमें से 12 से 18 विमान फ्रांस से सीधे तैयार हालत में भारत लाए जाएंगे, जबकि बाकी विमानों का निर्माण भारत में होगा।

**'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बड़ा बढ़ावा**

इस डील में 'मेक इन इंडिया' पर भी खास जोर दिया गया है। शुरुआती दौर में विमानों में करीब 30 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण और सामग्री इस्तेमाल होगी, जिसे आगे बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करने की योजना है। आमतौर पर ऐसे सौदों में 50-60 प्रतिशत स्वदेशी हिस्सेदारी की शर्त होती है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

# सरकार ने सट्टेबाजी, जुआ से जुड़े 242 अवैध वेबसाइट लिंक प्रतिबंधित किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से संबंधित 242 अवैध वेबसाइट के लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह आदेश पिछले साल अगस्त में पैसे के इस्तेमाल वाले गेमिंग ऐप पर लगाए गए सरकारी प्रतिबंध के बाद आया है। सूत्रों ने कहा, ''भारत सरकार ने शुक्रवार को अवैध सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े 242 अवैध वेबसाइट लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद से अब तक 7,800 से अधिक अवैध सट्टेबाजी और जुआ संबंधी वेबसाइट को बंद किया जा चुका है और प्रवर्तन कार्रवाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।'' सूत्रों ने कहा कि यह कार्रवाई उपयोगकर्ताओं, खासकर युवाओं की सुरक्षा और अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एवं जुआ खेलने वाले मंचों से होने वाले वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को बताती है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि नौ जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.124 अरब डॉलर घटकर 550.866 अरब डॉलर रहीं।

# नए भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा 20 जनवरी को, नितिन नवीन निर्विरोध चुने जा सकते हैं

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि इस पद के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किए जाएंगे और अगले दिन नए पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है, क्योंकि इस बात की उम्मीद कम ही है कि कोई और नेता इस मुकाबले में शामिल होगा। भाजपा के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी के। लक्ष्मण द्वारा जारी संगठन चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच दाखिल किया जा सकेगा और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से शाम 6 बजे के बीच नामांकन वापस ले सकेंगे।

# अप्रैल से यूपीआई के जरिये भविष्य निधि से पैसे निकाल सकेंगे कर्मचारी

**नयी दिल्ली :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल तक यूपीआई के जरिये अपनी भविष्य निधि से निकासी कर सकेंगे और वह राशि सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इस योजना में सदस्यों का कुछ हिस्सा न्यूनतम राशि के रूप में सुरक्षित रहेगा, जबकि शेष राशि सीधे उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की जा सकेगी। ईपीएफओ सदस्य अपनी कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से अपने यूपीआई पिन का इस्तेमाल कर सुरक्षित लेनदेन कर सकेंगे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा जारी, हिंदू शिक्षक के घर में लगाई आग



**ढाका :** बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला सिलहट जिले के गोवाइंगहाट उपजिला से जुड़ा है, जहां एक हिंदू शिक्षक के घर को आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना के बाद इलाके में रहने वाले हिंदू समुदाय के बीच डर और असुरक्षा का माहौल गहरा गया है। जिस घर को निशाना बनाया गया, वह बीरेंद्र कुमार डे का बताया जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर एक शिक्षक हैं और लोगों के बीच 'झुनू सर' के नाम से पहचाने जाते हैं। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने रात के समय उनके घर में आग लगा दी, जिससे पूरा मकान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में मौजूद परिवार के सदस्यों को तुरंत बाहर निकलना पड़ा। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई, लेकिन घर और उसमें रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि आग जानबूझकर लगाई गई या इसके पीछे कोई और साजिश थी।




## विरासत से दयाल सिंह की बेदखली अनुचित

दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह इवनिंग कॉलेज का नाम बदलने की कोशिशें उन्नीसवीं सदी के एक दूरदर्शी और परोपकारी सरदार दयाल सिंह मजीठिया जी की स्मृति और विरासत की घोर अवहेलना को ही दर्शाती हैं। यह कॉलेज उन्हीं के नाम पर दिल्ली में स्थापित और प्रतिष्ठित है। 'द ट्रिब्यून' और 'पंजाब नेशनल बैंक' के संस्थापक रहे सरदार दयाल सिंह मजीठिया ने एक ऐसे धर्मनिरपेक्ष व समावेशी कॉलेज की स्थापना का स्वप्न साकार करना चाहा, जहां जनहित में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके। उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित इस संस्थान का समृद्ध इतिहास 1910 से तब शुरू होता है, जब मजीठिया जी के निधन के बारह वर्ष बाद लाहौर में इसकी स्थापना हुई थी। लेकिन आज कॉलेज प्रबंधन की ओर से दलील दी जा रही है कि एक ही नाम से डे कॉलेज और इवनिंग कॉलेज संचालित नहीं किए जा सकते हैं। यह कहना तार्किक नहीं लगता कि नाम बदलने से प्रशासनिक कार्यों में किसी भी तरह की सुविधाजनक स्थिति भी बन सकती है। वहीं दूसरी ओर, यह कॉलेज के कलेजे रूपी गरिमामय विरासत और जनभावनाओं को नजरअंदाज करने जैसा है। यहां यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि इस बदलाव की कोशिशों के कानून पहलू भी ऐसा करने की इजाजत नहीं देते। दरअसल, वर्ष 1978 में हस्तांतरण डीड की धारा 12, जिसके तहत ही दिल्ली विश्वविद्यालय यानी डीयू ने कॉलेज का अधिग्रहण किया था, में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि 'संस्थान दयाल सिंह कालेज के नाम से ही जाना जाता रहेगा।' इस धारा का उल्लंघन करने की स्थिति में भूमि अधिकार छीनने और जबरन विस्थापन जैसी गंभीर कार्रवाई भी की जा सकती है। निश्चित रूप से इस तरह का जोखिम कोई भी जिम्मेदार प्रशासन हल्के में नहीं लेना चाहेगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संकाय सदस्यों को सिख योद्धा बंदा सिंह बहादुर के नाम पर कॉलेज का नाम बदलने के प्रस्ताव की जानकारी तब मिली जब पिछले दिनों दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति ने वीर बाल दिवस के मौके पर इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी।

यहां उल्लेखनीय है कि दयाल सिंह इवनिंग कॉलेज एक कालखंड की गरिमामय स्मृतियों को सहेजे हुए है। भारत मां के महान सपूत सरदार दयाल सिंह मजीठिया ने अपने सारी संपत्ति समाज के लिये समर्पित कर दी थी। उन्होंने अपना जीवन एक स्वतंत्र प्रेस, उत्तर भारत में शिक्षा के प्रसार के लिये एक उच्चस्तरीय कॉलेज तथा जागरूकता के लिये पुस्तकालय की स्थापना के लिये लगाया। जिसका मकसद समाज में प्रगतिशील सोच विकसित करना और अज्ञानता को समाप्त करना ही था। ऐसे में एक पुनीत उद्देश्य के लिये स्थापित कॉलेज का नाम बदलने का प्रबंधनतंत्र द्वारा इस तरह का एकतरफा निर्णय विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांत को ही कमजोर करता है। जिसका मूल उद्देश्य परामर्श और आम सहमति से कार्य करना होता है। इन कोशिशों के बीच कॉलेज के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने ऐसे किसी प्रयास का विरोध करने का फैसला किया है। कर्मचारी संघ द्वारा पारित प्रस्ताव में कॉलेज की पहचान और भविष्य को प्रभावित करने वाले इस कदम को लेकर असंतोष जताया गया है। छात्रों में भी इस बात को लेकर रोष देखा गया है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं होता, बल्कि सामूहिक स्मृति का संरक्षक भी होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भी महाविद्यालय का नाम बदलकर 'वंदे मातरम् महाविद्यालय' रखने का प्रयास किया गया था। लेकिन यह प्रयास हितधारकों के विरोध के चलते सिरे नहीं चढ़ सका था। अब बदलाव की कोशिश करने वालों को पिछले असफल प्रयास को एक सबक के रूप में देखना चाहिए था। दिल्ली विश्वविद्यालय को ऐसे किसी प्रयास से पहले विचार विमर्श करने तथा चिंतन करने की आवश्यकता है। खासकर, ऐसे वक्त में जब एक महान व्यक्तित्व का नाम और साथ ही एक सदी से अधिक की शैक्षणिक और नैतिक विरासत दांव पर लगी हो।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 जनवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 24:02 तक, नक्षत्र : मूल, 08:04 तक, योग : व्याघात, 21:11 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:14, चन्द्रोदय : 05:09, चन्द्रास्त: 15:50, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 09:04 से 10:25

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को शनिवार के दिन किसी संस्था द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे।

**वृष :** वृषभ राशि के जातक शनिवार के दिन बहुत व्यस्त रहेंगे। ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें। पांव में चोट लगने का भय है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को शनिवार के दिन फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए शनिवार का दिन भाग्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों को के लिए शनिवार का दिन मिश्रित फल कारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए शनिवार के दिन निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा।

**तुला :** शनिवार का दिन तुला राशि के जातकों के लिए शुभ कारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे।

**वृश्चिक :** शनिवार के दिन वृश्चिक राशि वालों का मन अशांत एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**धनु :** शनिवार का दिन धनु राशि जातकों की विद्या, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। सावधान रहें तथा खानपान पर संयम बरतें।

**मकर :** मकर राशि के जातकों को शनिवार के दिन बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए शनिवार का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के पंचम भाव में कर्क राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से सम्बन्धित किसी विवाद का हल निकल आएगा।

# पिछले 11 वर्षों में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई : योगी आदित्यनाथ



गोरखपुर (उप्र) : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले खेल और खेलकूद प्रतियोगिता सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं होते थे, लेकिन पिछले 11 वर्षों में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। यहां दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय (महिला) बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 2014 से पहले खेल और खेलकूद प्रतियोगिता सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं होते थे। लोग मानते थे कि उनकी प्राथमिकता खेल नहीं है। इसकी उपेक्षा होती थी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा न होने से खिलाड़ी पलायन करते थे और निराश रहते थे, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व संभाला और देश में नई खेल संस्कृति विकसित की जो देखते ही बनती है। योगी ने कहा कि मोदी ने देशवासियों को 'खेलो इंडिया खेलो' के माध्यम से जोड़ा और सशक्त राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी। यहां पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता की शुरुआत के मौके पर 14 राज्यों के 31 विश्वविद्यालय के प्रतिभागी पहुंचे हैं।

### रुपये लेकर पट्टा देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि रुपये लेकर पट्टा देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्रता से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस गांव में भी रुपये लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

पटना में छात्रा की मौत का मामला

## प्रशांत किशोर ने नए सिरे से निष्पक्ष जांच करने की मांग की

**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पटना में नीट की छात्रा की मौत के मामले में शुक्रवार को कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की स्थिति बदल गयी है और पुलिस को नए सिरे से निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। किशोर ने जहानाबाद जिले में छात्रा के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा है कि यौन उत्पीड़न की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में मामले की गहन और स्वतंत्र जांच जरूरी है।'' जहानाबाद की रहने वाली छात्रा पटना के एक छात्रावास में रहकर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही थी। उसकी हाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने पहले इसे आत्महत्या का मामला बताया था लेकिन परिजनों ने दुष्कर्म और हत्या की आशंका जताई थी। वह कई दिनों तक कोमा में रही थी और 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और बच्ची को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की स्थिति बदल गई है और अब पुलिस को नए सिरे से निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रा के परिजन पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं और उनका आरोप है कि छात्रा के साथ दुष्कर्म हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्तमान जांच अधिकारी उन पर मामला वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रा की आयु 17 वर्ष चार महीने होने की जानकारी देने के बावजूद पुलिस रिकॉर्ड में उसकी उम्र 18 वर्ष दर्ज की गई है।

### राजस्थान में 13 लाख महिलाएं लखपति दीदी बनीं: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में आधी आबादी की भूमिका महत्वपूर्ण है और 'राजीविका' की लगभग 13 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इनमें से 'मिलेनियर' दीदी भी बन रही हैं। वह यहां राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों ने सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं बेहतरीन प्रबंधक और उद्यमी हैं तथा उन्होंने ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लेने की मजबूरी से भी मुक्ति पाई है। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 51 लाख ग्रामीण परिवारों को चार लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है तथा 32 हजार ग्राम संगठन और एक हजार से अधिक 'क्लस्टर लेवल फेडरेशन' के माध्यम से राजीविका का मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है।

### हाथरस भगदड़ मामला: अदालत ने मुख्य गवाह की गवाही पूरी की, अगली सुनवाई 22 जनवरी को

**हाथरस (उप्र) :** हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र में मुग़लगढ़ी एवं फुलरई गांव के बीच सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में सुनवाई की अगली तारीख 22 जनवरी की नियत हुई है। मामले में अभियोजन पक्ष के एक मुख्य गवाह की गवाही आज हुई । आरोपी पक्ष के वकील मुन्ना सिंह पुंडीर ने बताया कि सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत में हुई, जहां स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) से जुड़े मुख्य आरक्षी नरेंद्र सिंह से जिरह पूरी हो गई। दो जुलाई 2024 को सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मुगलगढ़ी- फुलरई के बीच भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें 121 लोगों की जान चली गई थी और तमाम लोग घायल हुए थे। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। पुंडीर के अनुसार पुलिस ने एसआईटी की जांच के बाद आरोपपत्र दाखिल किया था। इस मामले में पुलिस ने बाबा के सेवादार देवप्रकाश मधुकर समेत 11 लोगों आरोपी बनाया है और हादसे के लिए जिम्मेदार माना है।

## उत्तर प्रदेश बोर्ड में नौवीं और 11 वीं कक्षाओं में व्यावसायिक शिक्षा अनिवार्य

**प्रयागराज (उप्र) :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने शैक्षणिक सत्र 2026 से नौवीं और 11वी कक्षाओं में व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य करने की एक महत्वपूर्ण पहल की है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इसी क्रम में विषय समितियों ने आईटी और इससे जुड़े क्षेत्र- इलेक्ट्रॉनिक्स तथा परिधान, सौंदर्य एवं आरोग्य जैसे विषयों का अनुमोदित पाठ्यक्रम सौंपा है। सिंह ने कहा कि इन सभी ट्रेड के अंतर्गत रोजगार परक पाठ्यक्रम के विकास के लिए विषय-विशेषज्ञों ने कई चरणों में बैठकें कर इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम में वर्तमान तकनीकी जरूरतों, उद्योग जगत की अपेक्षाओं और विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को केंद्र में रखते हुए व्यवहारिक, कौशल-आधारित और रोजगारोन्मुखी विषय-वस्तु को शामिल किया गया है। सिंह ने कहा कि यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और व्यावसायिक दक्षता को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद का यह कदम विद्यालयी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने, विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

## मणिकर्णिका घाट पर कोई मूर्ति क्षतिग्रस्त नहीं हुई: वाराणसी जिला अधिकारी



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर पुनर्विकास कार्य को लेकर चल रहे विवाद के बीच, जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को कहा कि चल रहे पुनर्निर्माण के दौरान मूर्तियों और कलाकृतियों को कथित नुकसान के बारे में सोशल मीडिया पर गुमराहपूर्ण और निराधार दावे फैलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दावों का ज़मीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि पुनर्विकास योजना के तहत पुनर्निर्माण कार्य के दौरान, घाट पर दीवारों में लगी कुछ कलाकृतियां प्रभावित जरूर हुई हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन ऐसी सभी कलाकृतियों और मूर्तियों को संस्कृति विभाग द्वारा विधिवत संरक्षित किया गया है तथा एक सुरक्षित स्थान पर रखा गया है एवं काम पूरा होने के बाद उन्हें उनके मूल रूप में फिर से स्थापित किया जाएगा। कुमार ने जनता से अफवाहों या गलत सूचनाओं पर ध्यान न देने और सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने की अपील की।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने ईडी कार्यालय पर पुलिस की छापेमारी को ''पूर्व नियोजित'' करार दिया

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पर हाल में की गई पुलिस की छापेमारी प्रथम दृष्टया ''पूर्व नियोजित'' प्रतीत होती है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने निदेशालय की ओर से दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय एजेंसी को मामले में केंद्रीय गृह सचिव को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्रीय गृह सचिव को प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय और उसके अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)/सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या किसी अन्य अर्द्धसैनिक बल को तैनात करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति द्विवेदी ने रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को भी ईडी कार्यालय की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि यदि ईडी कार्यालय और उसके अधिकारियों की सुरक्षा में कोई चूक होती है तो इसके लिए एसएसपी रांची को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार के पूर्व कर्मचारी संतोष कुमार द्वारा 'एयरपोर्ट' थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर ईडी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस जांच पर भी रोक लगा दी।

## रोहिणी आचार्य का अपने भाई तेजस्वी पर तंज: हार की समीक्षा दिखावा न करें, बल्कि आत्ममंथन जरूरी है



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने शुक्रवार को अपने भाई और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर शुक्रवार को तंज कसा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा केवल औपचारिकता नहीं है, यह बल्कि आत्ममंथन और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया होनी चाहिए। रोहिणी आचार्य ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिर्फ दिखावा करने से काम नहीं चलेगा। आत्ममंथन करना और जिम्मेदारी लेना जरूरी है। उन्होंने यह भी लिखा कि समीक्षा तभी सार्थक होगी जब अपने इर्द-गिर्द कब्जा जमाए बैठे चिन्हित गिद्धों को ठिकाने लगाने का साहस दिखाया जाए। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती और समझती है। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पार्टी के सांसदों और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। यह बैठक उनके लगभग एक माह के विदेश दौरे से लौटने के बाद हुई, जिसमें हार के कारणों और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। राजद में यह टकराव नया नहीं है। चुनावी हार के बाद रोहिणी आचार्य ने पहले भी तेजस्वी यादव और उनके करीबी नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि पार्टी और परिवार में उनके साथ अन्याय हुआ है तथा कुछ लोग लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक विरासत को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### नीतीश कुमार नितिन नवीन के मकर संक्रांति भोज में शामिल हुए

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा आयोजित मकर संक्रांति भोज में शामिल हुए। बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन को मध्य दिसंबर में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभालने से पहले तक कुमार मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी। मकर संक्राति भोज में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जयपुर में रामभद्राचार्य की राम कथा में शामिल हुईं



**जयपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को जयपुर आईं और यहां एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने सीकर रोड पर हरमाड़ा इलाके में रामानंद मिशन द्वारा आयोजित 1,008 कुंडीय हनुमान महायज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लिया। आज ही पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य द्वारा आठ जनवरी से सुनायी जा रही श्री रामकथा और महायज्ञ का समापन भी हुआ। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। वे भी राष्ट्रपति के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। लोक भवन के एक प्रवक्ता के अनुसार राष्ट्रपति बाद में जयपुर से रवाना हो गईं।

## बेहतर निगरानी और पुलिस व्यवस्था के लिए ड्रोन से लैस होगी बिहार पुलिस



**पटना :** बिहार पुलिस राज्य में बेहतर निगरानी और प्रभावी पुलिस व्यवस्था के लिए आधुनिक ड्रोन से लैस होगी। पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण) के अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे एडीजी सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को बताया कि मार्च 2026 तक 50 ड्रोन खरीदे जाएंगे। कुमार ने यहां पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि हर जिले को कम से कम एक ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा, जो 45 मिनट तक उड़ान भर सकेगा। एडीजी के अनुसार इसके अलावा, नदी क्षेत्रों में निगरानी के लिए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को 10 उच्च गुणवत्ता वाले ड्रोन दिए जाएंगे। इसके लिए 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कुमार ने बताया कि इस प्रस्ताव को 14 जनवरी को उच्चस्तरीय समिति से मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा, यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत पुलिस ड्रोन खरीदेगी। हमें उम्मीद है कि मार्च के अंत तक ड्रोन की खरीद पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रोन संचालन के लिए पुलिसकर्मियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये ड्रोन एएनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) प्रणाली से लैस होंगे, जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन की पहचान में मदद मिलेगी। कुमार ने कहा कि फिलहाल बिहार पुलिस निजी एजेंसियों से किराये पर ड्रोन सेवाएं ले रही है, जो उड़ान अवधि के आधार पर शुल्क लेती हैं, लेकिन अब विभाग ने अपनी खुद की ड्रोन इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि ड्रोन खरीदने से पहले बिहार पुलिस ने उन राज्यों से संपर्क किया, जहां पुलिस ड्रोन का उपयोग कर रही है और ड्रोन आपूर्ति करने वाली एजेंसियों से भी बातचीत की गई। पुलिस के अनुसार भी थानों में सीसीटीवी और डैशबोर्ड लगाने की योजना के तहत केंद्र सरकार ने 112.46 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

## वर्ग पहेली नं. 3324

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | | ■ | 27 | 28 | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) जयपराजयहीनता, 4) ज़च्चा, 7) उत्साही, 9) विश्वास, 10) लालसा, 11) हितकारक, 13) चुपड़ना, 14) सैन्य, 16) आकाश, 18) मिट्टी, 19) किनारा, 20) आतुर, 21) स्वर्ण, 23) ख़िज़ाब, 24) हिजड़ा, 26) तीक्ष्ण, 27) प्रतिबंध, 29) हिमानी, 30) अआइ .

*ऊपर से नीचे:-* 1) पोंगापंथी; पाखंडी, 2) कुमार्गी, 3) 500 ताववाली काग़ज़ की गड्डी, 4) हालत; उपाय; शकल, 5) डरपोकपन, 6) हेकड़ी; स्वेच्छाचार, 8) दाँयाँ, 12) छली; विश्वासघाती, 15) खेतिहर, 17) निगलना, 18) पीटना, 20) प्रत्यक्ष; सामने, 21) कीचड़, 22) एक पक्षी, 25) औरत, 26) उत्पादित; जन्मा, 28) हाथ का पंजा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | व | ज | ह | ■ | प | क्ष | पा | त | ■ |
| रौ | ■ | मा | द | क | ता | ■ | ■ | रं | भा |
| न | क़ | ल | ■ | ■ | व | ■ | अ | ग | ला |
| क़ | ■ | गो | ता | ख़ो | र | ■ | द | ■ | ■ |
| ■ | स | टा | ना | ■ | ■ | श | र | मिं | दा |
| अं | त | ■ | बा | ■ | त | नि | क | ■ | मि |
| त | ह | ■ | ना | म | ले | वा | ■ | क | नी |
| र्भा | ■ | त | ■ | ल | ■ | र | ब | ड़ | ■ |
| व | सी | य | त | ना | मा | ■ | दी | वा | ना |

## सुडोकू-पहेली-3282

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 8 | | | 5 |
| 3 | 2 | | | 7 | | | | |
| 9 | | | | | 1 | 4 | 3 | |
| 6 | | | 4 | | 7 | 9 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| 5 | | | 8 | | | 2 | | |
| 4 | 6 | | | | 9 | | | |
| | 3 | | 7 | | | | 8 | |
| | | | | | 5 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3281 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 9 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |

### न्यूज ब्रीफ

### पूर्व-दक्षिण भारत के बीच यात्रा और व्यापार को गति देगी सांतरागाछी-तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी और दक्षिणी भारत के बीच रेल संपर्क को और सुदृढ़ करने की दिशा में भारतीय रेल ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सांतरागाछी-तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस के माध्यम से पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को जोड़ते हुए लंबी दूरी की यात्रा को अधिक सुगम और सुलभ बनाया जाएगा। कोलकाता के निकट सांतरागाछी से प्रारंभ होकर यह ट्रेन पूर्वी तटीय कॉरिडोर के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों से गुजरते हुए चेन्नई के उपनगरीय केंद्र तांबरम तक पहुंचेगी। इस सेवा से हावड़ा और पश्चिम मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल), बालेश्वर, कटक, खुर्दा और गंजाम (ओडिशा), विशाखापत्तनम, गुंटूर और नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) सहित अनेक जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजारों और प्रमुख शहरी केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। यह मार्ग जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर और शोर मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ एवं विरासत स्थलों के समीप से होकर गुजरता है, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, सांतरागाछी-तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस क्षेत्रीय विकास, व्यापार और रोजगार को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी।

### अमेजन गणतंत्र दिवस सेल में सेन्हाइजर के प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक छूट



**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑडियो टेक्नोलॉजी की वैश्विक अग्रणी कंपनी सेन्हाइजर ने अमेजन गणतंत्र दिवस सेल 2026 के तहत अपने प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट की घोषणा की है। यह सेल 16 जनवरी से सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी, जबकि अमेजन प्राइम सदस्यों को 15 जनवरी की आधी रात से अर्ली एक्सेस का लाभ मिलेगा। सेल के दौरान ग्राहक 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई और चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर अतिरिक्त छूट का फायदा उठा सकेंगे। ऑफर्स में सेन्हाइजर के लोकप्रिय प्रोडक्ट्स जैसे प्रोफाइल वायरलेस माइक्रोफोन, एमडी 421 कॉम्पैक्ट, न्यूमैन टीएलएम 102, एचडी 630 वायरलेस हेडफोन, मोमेंटम 4 वायरलेस और मोमेंटम टू वायरलेस 4 ईयरबड्स शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, यह ऑफर कंटेंट क्रिएटर्स, म्यूजिक प्रोफेशनल्स और प्रीमियम ऑडियो पसंद करने वाले उपभोक्ताओं के लिए शानदार अवसर है। सेन्हाइजर का लक्ष्य इस सेल के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो प्रोडक्ट्स को अधिक सुलभ बनाना है।

### एक्सिस फाइनेंस ने आसान क्रेडिट एक्सेस के साथ 'व्यापार बिज़नेस लोन' लॉन्च किया

**कोलकाता :** भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक, एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) ने 'एक्सिस फाइनेंस व्यापार बिज़नेस लोन' के लॉन्च की घोषणा की। यह बिना किसी गारंटी (कोलैटरल-फ्री) वाला क्रेडिट समाधान है, जिसे भारत के अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लघु और छोटे व्यवसायों की वित्तीय ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। लॉन्च के अवसर पर एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ साई गिरिधर ने कहा, लघु और छोटे उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मेरुदंड के समान हैं। व्यापार बिज़नेस लोन के माध्यम से हमारा लक्ष्य औपचारिक क्रेडिट को और अधिक सरल और समावेशी बनाना है, ताकि देशभर के दुकानदारों, व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं को बिना गारंटी के फाइनेंस मिल सके।

### 2025 में गोदरेज प्रॉपर्टीज का दबदबा: 34,171 करोड़ की रिकॉर्ड बुकिंग

**कोलकाता :** गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड (जीपीएल)ने कैलेंडर वर्ष 2025 में एक बार फिर इतिहास रचा है। बुकिंग वैल्यू और कैश कलेक्शन के ठोस आंकड़ों के आधार पर, कंपनी ने लगातार दूसरे वर्ष भारत की सबसे बड़ी लिस्टेड रेजिडेंशियल डेवलपर होने का गौरव हासिल किया है। कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान, जीपीएल ने 16,428 घरों की बिक्री की, जिनका कुल बिक्री योग्य क्षेत्रफल 2.726 करोड़ वर्ग फुट रहा। यह प्रदर्शन पूरे भारत में 41 सफल प्रोजेक्ट लॉन्च के सहयोग से संभव हुआ। बुकिंग वैल्यू साल-दर-साल 19% बढ़कर 34,171 करोड़ रही, जो कैलेंडर वर्ष 2022 से कैलेंडर वर्ष 2025 के बीच लगभग 44% की सीएजीआर को दर्शाती है।

# एसआईआर के जरिए बंगाली मतदाताओं को बाहर करने की कोशिश : अभिषेक बनर्जी



**मेदिनीपुर :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बंगाली मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि यदि एक भी वास्तविक मतदाता का नाम हटाया गया, तो पार्टी व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगी। विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के राज्यव्यापी अभियान 'आबार जितबे बांग्ला' (फिर जीतेंगे बंगाल) के तहत मेदिनीपुर में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया एक करोड़ से अधिक बांग्ला भाषी मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) की ओर से मतदान अधिकारियों पर अनुचित दबाव डाला जा रहा है और मांग की कि किसी भी मतदाता को परेशान न किया जाए। मेदिनीपुर की रैली में कथित तीन 'मृत' मतदाताओं को मंच पर पेश करते हुए अभिषेक ने कहा कि राज्य के एक करोड़ बांग्ला भाषी मतदाताओं के नाम हटाने की भाजपा की 'साजिश' के तहत निर्वाचन आयोग एसआईआर के नाम पर वास्तविक मतदाताओं के नाम लापरवाही से हटा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यहां मंच पर तीन लोगों को पेश कर रहा हूं। वे जीवित हैं, लेकिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इन्हें नहीं देख पा रहे हैं। मेरा मानना है कि उन्हें 'वैनिश कुमार' कहा जाना चाहिए। कुमार जैसे अधिकारियों की मोतियाबिंद की सर्जरी किये जाने की आवश्यकता है, ताकि वे इन जीवित मतदाताओं को साफ-साफ देख सकें। अभिषेक ने कहा कि भाजपा के कहने पर निर्वाचन आयोग जल्दबाजी में दो महीने में ही एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर रहा है, जबकि आमतौर पर इसमें दो साल लगते। सुनवाई शिविरों के नाम पर लोगों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए, अभिषेक ने कहा कि आयोग ने सुनवाई की तारीख 16 जनवरी से तीन दिन बढ़ा दी है और पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि कि वे शांतिपूर्ण तरीके से सुनवाई शिविरों के बाहर मौजूद रहें, ताकि किसी भी मतदाता को परेशान न किया जाए। उत्तर प्रदेश में कुंभ मेले के दौरान हुई भगदड़ का हवाला देते हुए अभिषेक ने हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा पर पाखंड का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कम से कम 82 लोगों की जान गई। योगी आदित्यनाथ सरकार की लापरवाही छिपाने के लिए मृतकों की संख्या कम बताई गई। असली हिंदू-विरोधी कौन हैं, इसका फैसला जनता करेगी। केंद्र पर राज्य की निधि रोकने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इसके बावजूद राज्य ने अपने संसाधनों से आवास योजना के तहत 12 लाख परिवारों के लिए घर बनाए हैं और महिला सशक्तीकरण की 'लक्ष्मी भंडार' योजना कभी बंद नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मेदिनीपुर से भाजपा के दो विधायक उनके संपर्क में हैं और तृणमूल में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए दरवाजे बंद रखे गए हैं।



**बड़ाबाजार में एक प्रयास संघ द्वारा मकर संक्रांति के दिन जरूरतमंदो के बीच 100 शॉल और 2000 लोगों के बीच खिचड़ी वितरण की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, भोला यादव, बरुन मल्लिक, बद्री यादव, सुशील कोठरी, बघेर्श मिश्रा समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

## तपसिया में सोफा फैक्ट्री में लगी भयावह आग, इलाके में मची अफरा-तफरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के तपसिया इलाके में शुक्रवार की दोपहर बड़े पैमाने पर आग लगने की घटना सामने आई। एक सोफा निर्माण फैक्ट्री में अचानक लगी भयावह आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और घने काले धुएं से पूरा आसमान ढक गया, जिससे घनी आबादी वाले इलाके में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। दमकल कर्मियों के अनुसार, फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह फैक्ट्री सोफा निर्माण से जुड़ी थी, जहां लकड़ी, फोम, रेक्सीन और गोंद जैसी अत्यधिक ज्वलनशील वस्तुएं संग्रहित थीं। इन्हीं सामग्रियों के कारण आग ने कुछ ही समय में भयावह रूप ले लिया। फैक्ट्री के भीतर से लगातार घना काला धुआं निकलता देखा गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग के मुख्य स्रोत तक पहुंचने में उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि, आग को पास के रिहायशी मकानों तक फैलने से रोकने पर विशेष ध्यान दिया गया।

फिलहाल, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में दमकल विभाग को संदेह है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस समय उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता आग पर पूरी तरह काबू पाना है।

## पीएम के मालदह दौरे से पहले हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार



**मालदह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदह दौरे और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के उद्घाटन से ठीक पहले जिले की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। समसी स्टेशन रोड इलाके से हथियारों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार युवक का नाम पुसतम राय है। वह मालदह जिले के झलझलिया इलाके का निवासी है। समसी पुलिस चौकी के प्रभारी रामचंद्र साहा ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की देर रात करीब 2 बजे युवक समसी रेलवे स्टेशन की ओर से एक बैग लेकर एग्रिल हाई स्कूल की दिशा में जा रहा था। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पूरे इलाके में रातभर पुलिस की कड़ी गश्त जारी थी। एएसआई बरुण देवनाथ के नेतृत्व में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगी। रोककर पूछताछ करने पर उसके जवाबों में असंगति पाई गई। इसके बाद, जब बैग की तलाशी ली गई तो पुलिस के होश उड़ गए। बैग के अंदर चादर में लिपटे हुए दो पाइपगन और पांच राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद, तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि आरोपित किसी अन्य राज्य से हथियार लाकर जिले में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में था।

## एसआईआर : निर्वाचन अधिकारियों ने अमर्त्य सेन के पुश्तैनी आवास से उनके दस्तावेज किये प्राप्त

**बीरभूम :** निर्वाचन अधिकारी राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के आवास पर गए और उनके आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए। अधिकारी सेन के पुश्तैनी घर 'प्रतीची' पहुंचे और अर्थशास्त्री का आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र संख्या, उनकी मां अमिता सेन का मृत्यु प्रमाण पत्र और एक पत्र एकत्र किया, जिसमें सेन ने अपने चचेरे भाई शांतभानु सेन को अपनी अनुपस्थिति में एसआईआर से संबंधित सुनवाई में उपस्थित होने के लिए अधिकृत किया था। बता दें कि सेन इस समय अमेरिका में हैं। वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। प्रोफेसर सेन के परिवार के एक सदस्य ने बताया कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने प्रोफेसर सेन का आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र संख्या और उनकी मां अमिता सेन का मृत्यु प्रमाण लिया। उन्होंने वह पत्र भी ले लिया जिसमें प्रोफेसर सेन ने अपने चचेरे भाई शांतभानु को सुनवाई में पेश होने के लिए अधिकृत किया था। परिवार के सदस्य ने बताया कि जब निर्वाचन अधिकारियों से पूछा गया कि क्या सेन को 'भारत रत्न' पुरस्कार के साथ दी गई प्रशस्ति पत्र की छायाप्रति भी एसआईआर प्रक्रिया के लिए जमा करनी है, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## इस्कॉन ने मायापुर में कमरे बुक करने वाली फर्जी वेबसाइट्स के खिलाफ किया आगाह, प्राथमिकी दर्ज करायी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस्कॉन मायापुर के अधिकारियों ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उसके नाम से संचालित होने वाली तथा फर्जी आवास बुकिंग की पेशकश करने वाली वेबसाइट्स के खिलाफ आगाह किया और कहा कि इस तरह की गतिविधियों के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। संगठन ने आरोप लगाया कि जालसाजों ने 'इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस' (इस्कॉन) के मुख्यालय पश्चिम बंगाल के मायापुर में स्थित 'प्रभुपाद विलेज', 'गदा भवन', 'शंख भवन' और 'गीता भवन' जैसी लोकप्रिय सुविधाओं में कमरे उपलब्ध कराने के लिए कई फर्जी वेबसाइटें और सोशल मीडिया आधारित बुकिंग चैनल बनाए हैं। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमन दास ने कहा कि ये वेबसाइटें पेशेवर और विश्वसनीय दिखती हैं। वे त्योहारों के व्यस्त समय में कमरे उपलब्ध कराती हैं और कभी-कभी छूट या विशेष लाभ का वादा करती हैं और फिर पूरा भुगतान लेने के बाद गायब हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि मायापुर पहुंचने के बाद विदेश से आने वाले यात्रियों सहित कई श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने पाया कि फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से की गई उनकी बुकिंग धोखाधड़ी वाली थी। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और इस मामले को कानून प्रवर्तन और साइबर अपराध एजेंसियों ने अपने हाथ में ले लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बातचीत में कहा कि मामले की जांच सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ की जा रही है। इस्कॉन के अधिकारियों ने लोगों से आग्रह किया कि वे केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही कमरे बुक करें, मैसेजिंग आधारित बुकिंग या एजेंटों के माध्यम से बुकिंग से बचें।

## मुकुल रॉय को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, विधायक के रूप में अयोग्य घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें उन्हें भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद विधानसभा के विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बता दें कि उच्च न्यायालय ने 13 नवंबर, 2025 को दलबदल विरोधी कानून के तहत रॉय को अयोग्य घोषित कर दिया था, क्योंकि वह 2021 के चुनावों में भाजपा के टिकट पर निर्वाचित होने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने शुक्रवार को रॉय के बेटे सुभ्रांशु रॉय द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के फैसले का क्रियान्वयन स्थगित रखा जाए। सुभ्रांशु रॉय का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील प्रीतिका द्विवेदी ने कहा कि वरिष्ठ नेता बीमार हैं और दावा किया कि उच्च न्यायालय ने अपनी सीमित न्यायिक समीक्षा शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एक विधायक को अयोग्य घोषित करने का आदेश देकर अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्यता की अर्जियों को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि मुकुल रॉय के कथित दलबदल को दर्शाने के लिए प्रस्तुत सोशल मीडिया पोस्ट साक्ष्य अधिनियम की धारा 65बी के तहत प्रमाणित नहीं थे। उच्च न्यायालय ने अध्यक्ष के फैसले को पलटते हुए कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत कार्यवाही में धारा 65बी का सख्ती से पालन करना आवश्यक नहीं है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और अंबिका रॉय की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने कहा कि मुकुल रॉय ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और बाद में खुले तौर पर विपक्षी पार्टी में शामिल हो गए, जो दलबदल के समान है। उन्होंने मामले में दावा करने के कानूनी अधिकार (लोकस) का मुद्दा भी उठाया और रॉय के बेटे द्वारा याचिका दायर करने पर आपत्ति जताई। पीठ ने कहा कि अगर वह गंभीर स्थिति में हैं, तो परिवार का कोई सदस्य याचिका क्यों नहीं दायर कर सकता? उन्हें भी प्रतिवादी के रूप में जोड़ा गया है। सीजेआई ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की प्रामाणिकता साबित करनी होगी और उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा उत्पन्न वीडियो की मौजूदगी का हवाला दिया। अग्रवाल ने फैसले पर रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा कि वह प्रथम दृष्टया यह साबित कर सकते हैं कि दलबदल हुआ था। पीठ ने विधानसभा का कार्यकाल कुछ ही महीनों में समाप्त होने का हवाला देते हुए फैसले पर रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि यदि वह विधायक पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ते हैं, तो आप एक आवेदन दें, हम देखेंगे कि क्या करना है।

# झामापुकुर मैदान में जायसवाल विद्या मंदिर हाई स्कूल फॉर गर्ल्स का वार्षिक खेलकूद समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न







**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के झामापुकुर मैदान में शुक्रवार सुबह जायसवाल विद्या मंदिर हाई स्कूल फॉर गर्ल्स का वार्षिक खेलकूद समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह 8 बजे प्रारंभ हुए इस भव्य आयोजन में विद्यालय की सभी छात्राओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। खेलकूद कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान छात्राओं ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष विकास कुमार जायसवाल की सक्रिय भूमिका और मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा।

समारोह में आकाश जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, गणेश जायसवाल, लालता प्रसाद साव, मनोहर जायसवाल, रतन जायसवाल, रमेश राव, सचिन जायसवाल, राजेश जायसवाल तथा विजय जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की छात्राओं ने अस्मिता खेलो इंडिया कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

पूरा कार्यक्रम विद्यालय की वर्तमान टीचर-इन-चार्ज अनिता वाल्मीकि के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में देवजानी पाल सामंता, स्पोर्ट्स टीचर सुचित्रा दत्ता सरकार, जया प्रतिमा कुजूर, श्रद्धा हालदार, दीपान्विता मंडल हालदार, मंजू पांडे, श्रेष्ठ सेनगुप्ता, दीपक कुमार साहू एवं राकेश प्रसाद दास का विशेष सहयोग रहा।

### न्यूज अपडेट

### फिर बंद रहेगा विद्यासागर सेतु, 8 घंटे तक नहीं चलेगा कोई वाहन

**कोलकाता :** द्वितीय हुगली पुल (विद्यासागर सेतु) का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए एक बार फिर परेशानी की खबर है। रविवार, 18 जनवरी 2026 को सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगातार 8 घंटे के लिए विद्यासागर सेतु पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। यह निर्णय संरक्षण और मरम्मत कार्य के लिए लिया गया है। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, निर्धारित समय के दौरान पुल पर किसी भी प्रकार का वाहन चलाने की अनुमति नहीं होगी। हुगली रिवर ब्रिज कमिशन (एचआरबीसी) के अनुसार, इस दौरान पुल के स्टे केबल, होल्डिंग डाउन केबल और बियरिंग बदलने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकते हैं। पुल पर मरम्मत का कार्य काफी समय से चल रहा है, जिसके कारण समय-समय पर यातायात बंद करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बंदी की घोषणाओं से नित्य यात्रियों में असंतोष और नाराज़गी बढ़ती जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यात्रा की योजना पहले से बना लें।

### हावड़ा मंडल ने ट्रैक सुरक्षा मजबूत करने के लिए तकनीकी जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 15 जनवरी को कामारकुंडु स्थित पीडब्ल्यूआई कार्यालय में ट्रैक अनुरक्षण के दौरान क्या करें और क्या न करें विषय पर एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी मुख्यालय द्वारा निर्धारित पुस्तिका के आधार पर आयोजित की गई, जिसे मंडल के कर्मचारियों के बीच प्रसारित किया गया था। संगोष्ठी का उद्देश्य खुले लाइन ट्रैक अनुरक्षण के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक प्रक्रियाओं, महत्वपूर्ण सावधानियों तथा डूज एंड डोंट्स को दोहराना था। इसमें ट्रैक सुरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा और कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान हुई संवादात्मक चर्चाओं से कर्मचारियों की सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रेल परिचालन के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। मंडल प्रशासन ने बताया कि इसी प्रकार की तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन हावड़ा मंडल के अन्य स्थानों पर भी चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। हावड़ा मंडल का स्पष्ट संदेश है - सुरक्षा ही पहली प्राथमिकता है: सुरक्षित ट्रैक, सुरक्षित ट्रेन, सुरक्षित यात्री।

### श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति का आउट्रम घाट में संचालित सेवा शिविर का समापन



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा आयोजित आउट्रम घाट ट्रांजिट सेवा शिविर का 15 जनवरी को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह शिविर 9 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक निरंतर दिन-रात संचालित रहा, जिसमें गंगासागर मेला में आए तीर्थयात्रियों को व्यापक सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान यात्रियों के लिए चिकित्सा सहायता, विश्राम की सुविधा तथा निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन में दाल-भात, पूड़ी-सब्जी, रोटी-सब्जी, चाय-बिस्कुट, बुंदिया-भुजिया, चना-हलवा और चूड़ा-गुड़ शामिल रहे। इसके साथ ही, जरूरतमंदों को कंबल, दुशाला, साड़ी और चरण पादुका का वितरण भी किया गया। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए अतिरिक्त देखभाल की व्यवस्था की गई थी। सेवा शिविर की सफलता में मेला संयोजक मनोज चौधरी एवं दुर्शीचंद अग्रवाल की भूमिका उल्लेखनीय रही, जिनके अथक प्रयास और समर्पण की सर्वत्र सराहना की गई। समिति के अध्यक्ष एवं लोकप्रिय विधायक विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में शिविर को सफल रूप दिया गया। प्रधान सचिव बिमल दीवान, सहसचिव पवन बंसल, सुभाष सावलदावाला, मेला समिति के सदस्यों तथा सभी दानदाताओं के सहयोग से यह सेवा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 'गार्ड्स एट द ताज' का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'ज्ञानमंच' रंगमंच पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध नाटककार राजीव जोसफ द्वारा रचित गार्ड्स एट द ताज के हिंदी संस्करण पर आधारित नाटक का सफल मंचन किया गया। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और पार्श्व संगीत ने नाटक की प्रभावशीलता को और अधिक बढ़ाया। निर्देशन और मंच संचालन में संतुलन और कलात्मकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। दर्शक पूरे समय नाटक से जुड़े रहे और अंत में कलाकारों को तालियों की गूंज के साथ सराहा। यह नाट्य प्रस्तुति न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि विद्यार्थियों के लिए इतिहास, कला और साहित्य के प्रति रुचि जगाने वाली सिद्ध हुई। इस सफल आयोजन के लिए निर्देशक मंडल तथा सभी कलाकार बधाई के पात्र हैं।

### हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट ने गंगासागर में की हजारों तीर्थयात्रियों की सेवा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट' का गंगासागर के सड़क नं 5 पर स्थित ट्रस्ट की विशाल धर्मशाला 'राधाकुंज' में गंगासागर तीथयात्रियों की सेवार्थ 11 जनवरी से आयोजित शिविर का समापन शुक्रवार को हो गया। राधाकुंज में निर्मित 30 स्थायी कमरों के अलावा मेला हेतु अस्थायी आवास व अस्थायी सभागार बनाये गये जहां तीर्थयात्रियों के रहने से लेकर जलपान, भोजन, चाय, प्राथमिक चिकित्सा व बच्चों के लिये दूध तक का प्रबंध निःशुल्क किया गया। इसके साथ ही सैकड़ों स्थानीय लोगों में कम्बल व महिलाओं में साड़ी वितरण किया गया। इस सेवाकार्य में विजय गोयल, अशोक गोयल, संजय अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह, अनुज तुलस्यान, किशन केडिया व महिला समिति की अनिता खेतान, सुनिता गोयल, रमा अग्रवाल, गायत्री केडिया, पिंकी शर्मा, सहित ट्रस्ट के अनेक कुशल कार्यकर्त्ताओं की टीम ने दिन-रात सेवारत रहकर शिविर को सफल बनाया।

# सिलीगुड़ी में बनेगी 216 फीट ऊंची दुनिया की सबसे विशाल महाकाल प्रतिमा

❑ **मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी में 'महाकाल महातीर्थ' मंदिर की रखी आधारशिला**

❑ **उत्तर बंगाल में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र स्थापित करने की घोषणा**

**सिलीगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिलीगुड़ी के माटिगाड़ा में मंदिर परिसर में भगवान शिव के महाकाल अवतार की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति बनाने की शुक्रवार को घोषणा की, जिसका शिलान्यास उन्होंने विभिन्न धार्मिक समुदायों के नेताओं की मौजूदगी में किया। इस अवसर पर ममता ने कहा कि 216 फुट ऊंची



इस संरचना में भगवान शिव की 108 फुट ऊंची कांस्य मूर्ति होगी। उन्होंने बताया कि 'महाकाल महातीर्थ' नामक यह परिसर 17.41 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा और लगभग ढाई साल में पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के लिए खुलने के बाद इसका संचालन महाकाल मंदिर न्यास करेगा। ममता ने कहा कि हमने जमीन सौंप दी है और परिसर के निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी है। यह परिसर दुनियाभर में भगवान शिव के सबसे बड़े मंदिर परिसरों में से एक होगा। जमीन पर भराव और समतल करने का काम तुरंत शुरू किया जाएगा। इस परिसर में प्रतिदिन एक लाख तीर्थयात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। ममता ने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर बंगाल में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सिलीगुड़ी में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र स्थापित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमने इसके लिए जमीन पहले ही चिह्नित कर ली है और निर्माण के लिए निर्धारित निजी पक्ष को यह भूखंड मुफ्त में सौंप दिया जाएगा। ममता ने इस मौके पर स्कूल भवन, लग्जरी बसें और चाय बागान श्रमिकों के बच्चों के लिए 'क्रेच' समेत कई सामाजिक सेवा परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

❑ **'लोगों को पीटना धर्म नहीं'**

कार्यक्रम के बाद, ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाली भाषा बोलने वाले प्रवासी मजदूरों को भाजपा शासित राज्यों में प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों में बंगाली भाषी मजदूरों को पीटा जा रहा है। ममता ने कहा कि लोगों को पीटना धर्म नहीं है। धर्म का अर्थ जीवन देना है। जीवन का मतलब है कि जब तक हम जीवित हैं, अच्छे और सद्गुणों वाले कर्म करते रहें। उन्होंने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसा कि गांधीजी ने कहा था- ईश्वर अल्लाह तेरा नाम, सबको सम्मति दे भगवान।

## ब्रिगेड ग्राउंड में सभा की अनुमति नहीं, हुमायूं की पार्टी को झटका

**कोलकाता :** ब्रिगेड परेड ग्राउंड में राजनीतिक सभा करने की अनुमति जनता उन्नयन पार्टी को नहीं मिली है। पार्टी के चेयरमैन हुमायूं कबीर ने आरोप लगाया कि भारतीय सेना ने उनकी पार्टी का आवेदन खारिज कर दिया। इसके बाद हुमायूं कबीर ने पलटवार करते हुए घोषणा की कि वे मुर्शिदाबाद में 10 लाख समर्थकों की मौजूदगी में विशाल जनसभा करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को हुमायूं कबीर सहित जनता उन्नयन पार्टी के प्रतिनिधि ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सभा की अनुमति लेने के लिए सेना के अधिकारियों से मिले थे। लेकिन वहीं उन्हें स्पष्ट रूप से बता दिया गया कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड में किसी भी राजनीतिक दल को सभा



की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सेना की ओर से वैकल्पिक स्थल के तौर पर शहीद मीनार में सभा करने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन हुमायूं कबीर ने उसे स्वीकार नहीं किया। उनका कहना है कि शहीद मीनार में उनकी अपेक्षित जनसंख्या के लिए पर्याप्त व्यवस्था संभव नहीं है।

इसके बाद हुमायूं कबीर ने घोषणा की कि 31 जनवरी तक मुर्शिदाबाद में लगभग 50 बीघा जमीन पर एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें करीब 10 लाख लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है।

इस मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुमायूं कबीर ने कहा कि उन्होंने सभी नियमों का पालन करते हुए ब्रिगेड में सभा की अनुमति के लिए आवेदन किया था, लेकिन सेना विभाग के साथ बैठक के बाद भी अनुमति नहीं मिली। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी अन्य राजनीतिक दल को ब्रिगेड में सभा की अनुमति दी जाती है, तो उनकी पार्टी कानूनी रास्ता अपनाएगी।

## जिलों के दौरे पर निकलेंगे सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल

### जगह-जगह लगेंगे विशेष शिविर

**कोलकाता :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के कार्यों की समीक्षा के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, यह जिला-स्तरीय दौरा फरवरी महीने से चरणबद्ध तरीके से शुरू होगा। दौरे की शुरुआत पुरुलिया जिले से होने की संभावना है।

चुनाव आयोग की ओर से बताया गया है कि राज्य में ऐसे कई विदेशी नागरिक हैं, जो लंबे समय से भारत में रह रहे हैं और जिन्होंने भारतीय नागरिकता भी प्राप्त कर ली है। विशेष रूप से इस्कॉन जैसी धार्मिक संस्थाओं से जुड़े कई लोगों के मामलों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और उसमें संशोधन से जुड़े मुद्दे सामने आ रहे हैं।

इन लोगों को आवश्यक दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया और अन्य औपचारिकताओं के बारे में मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयोग सूत्रों के मुताबिक, इन निःशुल्क शिविरों में स्वयं सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल की मौजूदगी भी हो सकती है।

चुनाव आयोग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि पात्र नागरिक बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

## कोलकाता में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, विधानसभा चुनवा तैयारी को मिली नई धार

❑ **संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर व्यापक मंथन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनवा को को लेकर कोलकाता में भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्षों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनावों की व्यापक रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति ने इसे राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया। इस उच्चस्तरीय बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल, चुनाव प्रभारी




एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता बिप्लब देव, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी तथा सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, जनसंपर्क अभियानों की प्रभावशीलता और राज्य में भाजपा की वैचारिक पकड़ को और मजबूत करने पर गहन चर्चा की गई। केंद्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि आने वाला समय संगठनात्मक अनुशासन, जनसरोकार और जमीनी स्तर पर सक्रियता का है।

सुनील बंसल ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्टी की नीतियों और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक संगठित और सुनियोजित अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनावी दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की विचारधारा है, और इसी भावना के साथ कार्यकर्ताओं को मैदान में उतरना होगा।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का आधार तेजी से मजबूत हो रहा है और इसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने जिलाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें, आम जनता से निरंतर संवाद बनाए रखें और राज्य की मौजूदा समस्याओं को मजबूती से उठाएं।

प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह बैठक केवल संगठनात्मक समीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पश्चिम बंगाल में भाजपा को एक निर्णायक राजनीतिक शक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों से एकजुट होकर कार्य करने और पार्टी के सिद्धांतों को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।




**अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा शिविर के विश्राम दिवस समारोह में उपस्थित कार्यकारिणी सदस्य।**

मतदाताओं से कथित उत्पीड़न को लेकर मानसिक दबाव

## एसआईआर के विरोध में 70 बीएलओ का सामूहिक इस्तीफा

**बीरभूम :** चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। मतदाताओं के कथित उत्पीड़न और बढ़ते मानसिक दबाव का हवाला देते हुए बीरभूम जिले के इलामबाजार में लगभग 70 बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। शुक्रवार को सभी बीएलओ ने एक साथ इलामबाजार ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय में अपना इस्तीफानामा सौंपा, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई। इस्तीफा देने वाले बीएलओ का आरोप है कि 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के नाम पर आम मतदाताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी वे अब और नहीं लेना चाहते। राज्यभर में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत आयोग द्वारा जारी लगातार नए निर्देशों से आम लोग परेशान हो रहे हैं, वहीं इसका सीधा असर बीएलओ पर पड़ रहा है।

बीएलओ ने बताया कि वे मूल रूप से शिक्षक हैं और पढ़ाने के साथ-साथ घर-घर जाकर फॉर्म बांटना, नोटिस जारी करना और डखठ से जुड़ी सभी जिम्मेदारियां निभानी पड़ रही हैं। इसके चलते उन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है और वे अत्यधिक मानसिक तनाव में काम कर रहे हैं। इस सामूहिक इस्तीफे के बाद चुनावी कार्यप्रणाली और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है और आगे की कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

## सेवा परमो धर्मः के संकल्प के साथ कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा टस्ट ओम भवन का भव्य सेवा शिविर





**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा ट्रस्ट ओम भवन ने एक विशाल सेवा यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। संस्था का मूल उद्देश्य सेवा परमो धर्मः की भावना के अनुरूप निरंतर मानव सेवा करना है। इस पहल के तहत लाखों तीर्थयात्रियों के लिए आश्रय एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

संस्था के महामंत्री ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सेवा शिविर का



उद्घाटन परम पूज्य महंत श्री ज्ञान दास जी महाराज एवं उनके उत्तराधिकारी श्री संजय दास जी महाराज के करकमलों द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में दक्षिण 24 परगना के डीएम अरविंद मीणा, अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस तथा मंत्री बेचाराम मन्ना एवं स्वरूप विश्वास की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

संस्था के अध्यक्ष हर्षद मेहता ने जानकारी दी कि यह सेवा शिविर 19 नवंबर से प्रारंभ होकर माघी पूर्णिमा तक निरंतर संचालित रहेगा। सेवा कार्यों को सफल बनाने में मुकेश सेठ, चंद्रेश मेघानी, पंकज अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, पप्पू भाई खारा, राजकुमार अग्रवाल, संजय लोहारीवाला, दिलेश पटेल, चमचम सिंह, अशोक जैन, दिनेश मेहता सहित अनेक सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

## जवाब से संतुष्ट नहीं हाई कोर्ट, हुमायूं कबीर की सुरक्षा को लेकर केंद्र से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** भरतपुर से तृणमूल कांग्रेस (निलंबित) विधायक हुमायूं कबीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार के रुख से कलकत्ता हाई कोर्ट संतुष्ट नहीं है। विधायक की सुरक्षा संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने केंद्र से विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान सवाल उठाया गया कि जब आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी को केंद्रीय सुरक्षा मुहैया कराई गई है, तो फिर हुमायूं कबीर को वही सुरक्षा क्यों नहीं दी जा सकती। याचिकाकर्ता के वकील ने इसी आधार पर केंद्र की भूमिका पर सवाल खड़े किए।

केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि फिलहाल हुमायूं कबीर को राज्य पुलिस की सुरक्षा दी जा रही है। हालांकि, अदालत में मौजूद विधायक ने खुद इस व्यवस्था को अपर्याप्त बताया। हुमायूं कबीर ने कहा कि उनकी सुरक्षा में केवल दो पुलिसकर्मी तैनात हैं, जो मौजूदा हालात में नाकाफी है। उन्होंने आशंका जताई कि उन्हें जानलेवा हमले का खतरा है।

इस पर न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने केंद्र से पूछा कि किन परिस्थितियों में आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी को केंद्रीय सुरक्षा प्रदान की गई थी। अदालत ने इस संबंध में पूरी रिपोर्ट आगामी सोमवार तक दाखिल करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट की समीक्षा के बाद ही हुमायूं कबीर की सुरक्षा को लेकर अंतिम फैसला लिया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी, जिसमें अदालत आगे का निर्देश देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नया साल, नई आदतें: यूगोव सर्वे में 10 में से 7 भारतीयों ने कैलिफोर्निया बादाम को वजन प्रबंधन में सहायक माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** नए साल की शुरुआत के साथ भारतीयों में स्वास्थ्य और वजन प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ती दिखाई दे रही है। कैलिफोर्निया आलमंड बोर्ड के सहयोग से किए गए यूगोव सर्वे में सामने आया है कि 10 में से 7 भारतीय मानते हैं कि कैलिफोर्निया बादाम वजन प्रबंधन में सहायक हैं। सर्वे के अनुसार, लोग सुबह के समय और नाश्ते में बादाम को प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि इससे पेट भरा रहता है और दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। भारत के 16 शहरों में किए गए इस सर्वे में 63 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे सक्रिय रूप से वजन नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि 40 प्रतिशत लोग रोज़ाना बादाम का सेवन करते हैं। पोषण विशेषज्ञों का मानना है कि फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स से भरपूर बादाम स्वस्थ जीवनशैली में अहम भूमिका निभाते हैं। मैक्स हेल्थकेयर की रीजनल हेड-डायटेटिक्स रितिका समद्दार ने कहा, बादाम भूख को नियंत्रित करने, क्रेविंग कम करने और लंबे समय तक ऊर्जा बनाए रखने में मदद करते हैं। इसलिए यह रोज़ाना वजन प्रबंधन और सक्रिय जीवनशैली के लिए एक व्यावहारिक विकल्प है।

### जटिल कोलन कैंसर का सफल इलाज

**कोलकाता :** एक 55 साल की महिला को शुरू में एक दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें एक्यूट अपेंडिसाइटिस जैसे लक्षण थे। सर्जरी के दौरान, डॉक्टरों ने उसके कोलन के दाहिनी ओर एक बड़ा ट्यूमर पाया। ट्यूमर को हटाने की कोशिश की गई, लेकिन यह प्रक्रिया सफल नहीं हुई, जिसके बाद मरीज को कीमोथेरेपी के लिए रेफर किया गया। कीमोथेरेपी लेने के बावजूद, ट्यूमर पर कोई खास असर नहीं हुआ। इसके बाद मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने सर्जिकल इंटरवेंशन की सलाह दी। हालांकि, केस की जटिलता, पहले की फेल सर्जरी और कीमोथेरेपी का कोई असर न होने के कारण, मरीज का कई सर्जनों ने मूल्यांकन किया, लेकिन सभी ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। इसके बाद मरीज को डॉ. संजय मंडल के पास रेफर किया गया। विस्तृत मूल्यांकन के बाद, उन्हें एक बड़ी और जटिल सर्जिकल प्रक्रिया के लिए लिया गया। सर्जरी में बड़ी आंत के अधिकांश हिस्से को हटाने के साथ-साथ दाहिनी पेट की दीवार, प्रभावित लिम्फ नोड्स और ओमेंटम को बड़े पैमाने पर हटाया गया, जिसके बाद रिकंस्ट्रक्शन किया गया। सर्जरी लगभग पांच घंटे तक चली। सर्जरी के बाद वह अच्छी तरह से ठीक हो गई और छह दिनों में घर जा सकी।




**जौनपुर नागरिक संघ के गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर में पधारे सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं परमधर्मज्ञ निखिल राठी का सम्मान करते उद्योगपति एवं संघ के संरक्षक राजेश उपाध्याय।**

## न्यूज अपडेट

### एसआईआर मामलाः 4 अधिकारियों और एक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर के आदेश को वापस लेने की नवान्न की आयोग से अपील

**कोलकाता :** मतदाता सूची में कथित रूप से अवैध नाम जोड़ने सहित कई अनियमितताओं के आरोप में राज्य के चार अधिकारियों और एक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश चुनाव आयोग (ईसीआई) ने वर्ष की शुरुआत में जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को दिया था। अब इस मामले में नवान्न संबंधित अधिकारियों के समर्थन में आगे आया है। राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से अपील की है कि इन पांच अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को वापस लिया जाए, ताकि लघु अपराध के लिए कठोर दंड न दिया जाए। नवान्न सूत्रों के अनुसार, राज्य के गृह विभाग की ओर से चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में इस अपील का आधार स्पष्ट किया गया है। पत्र में कहा गया है कि इस पूरे मामले में राज्य के एडवोकेट जनरल से कानूनी राय ली गई है। एडवोकेट जनरल की राय के मुताबिक, जिन त्रुटियों के लिए इन अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है, उनके संबंध में राज्य सरकार पहले ही आवश्यक प्रशासनिक कदम उठा चुकी है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऐसे में अब एफआईआर दर्ज करने का आदेश देना छोटी गलती पर बड़ी सजा देने जैसा होगा। इसलिए राज्य सरकार ने आयोग से पुनः अनुरोध किया है कि चार अधिकारियों और एक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश को वापस लिया जाए। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग इस अपील पर विचार कर सकता है। फिलहाल इस मामले पर आयोग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### नारकेलडांगा में युवती अपने मकान में मिली मृत, हत्या का मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा इलाके में एक युवती अपने मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत 14 जनवरी को दोपहर करीब 3 बजे सूचना मिली कि शिबतला लेन निवासी राज नारायण साह की बेटी पुष्पा कुमारी (22) को नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एनआरएसएमसीएच) के आपातकालीन विभाग में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी के मुताबिक, चिकित्सकों ने उसके गले पर कथित तौर पर निशान देखे। उन्होंने बताया कि हमारे अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि पीड़िता के पिता को पड़ोसी कोमल सिंह ने पता चला कि पुष्पा अपने बिस्तर पर बेहोश पड़ी हुई है और कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही। इसके बाद पुष्पा को दोपहर लगभग 3:15 बजे एनआरएसएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी के अनुसार, मौत की वजह जानने के लिए 15 जनवरी को पोस्टमार्टम किया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पुष्पा का शव शाम को उसके घर ले जाया गया, जहां परिवार के सदस्य और पड़ोसी मौजूद थे। अधिकारी के मुताबिक, उसी शाम एक पड़ोसी, जिसकी पहचान बिजंती देवी (40) के रूप में हुई, जो अनिल महतो की पत्नी और उसी पते पर रहती है, ने पुलिस को एक लिखित शिकायत सौंपी। अधिकारी के अनुसार, शिकायत के आधार पर नारकेलडांगा पुलिस थाने में गुरुवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### जादवपुर में बीएलओ की मौत मामले में पत्नी ने दर्ज कराई शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व जादवपुर थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर इलाके में मृत बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) अशोक दास की पत्नी सुदीप्ता दास ने शुक्रवार को पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरिक्षण (एसआईआर) कार्य के अत्यधिक दबाव के कारण उनके पति ने आत्महत्या की। पूर्व जादवपुर थाने में की गई शिकायत में सुदीप्ता ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि एसआईआर से जुड़े काम के चलते अशोक दास लगातार मानसिक तनाव में थे और इसी कारण उनकी मृत्यु हुई। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि गुरुवार की सुबह मुकुंदपुर के अहल्यानगर स्थित आवास में अशोक दास को स्नानघर में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। परिवार के सदस्य उन्हें तुरंत ईएम बाइपास स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस मामले में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी सामने आए। हालांकि, मृतक की पत्नी ने अपनी शिकायत में सीधे तौर पर चुनाव आयोग और बीएलओ कार्य व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने लिखा कि बीएलओ की जिम्मेदारी मिलने के बाद से अशोक दास लगातार मानसिक दबाव में थे। पूर्व जादवपुर थाना सूत्रों के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने अशोक दास के कमरे की मेज से एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें काम के दबाव का उल्लेख है।

### बंगाल-झारखंड सीमा पर पुलिस ने जब्त किया 19 लाख नकद, तीन गिरफ्तार

**आसनसोल :** पश्चिम बर्दवान जिले के बाराबनी थाना अंतर्गत गौरांडी चेकपोस्ट पर एक बड़ी पुलिस कार्रवाई में करीब 19.16 लाख नकदी जब्त की गई और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नियमित नाका चेकिंग के दौरान की गई, जिसने प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल मचा दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, झारखंड सीमा के पास अजय नदी के किनारे स्थित गौरांडी चेकपोस्ट पर वाहन जांच की जा रही थी, जब लाल रंग की एक चार पहिया कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार के अंदर से भारी मात्रा में नकदी मिली, जिसकी कुल रकम करीब 19.16 लाख पाई गई। आरोपित जब पूछताछ के लिए कागजात दिखाने को कहा गया, तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। शुरुआती जांच में यह रकम बिहार के सीवान जिले से लाकर रखी गई पाई गई। पुलिस ने तीनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया है और उसी कार को भी जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया है। उचित दस्तावेज न होने के कारण नकदी और वाहन को सीज कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को आरोपितों को आसनसोल जिला अदालत में पेश किया गया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इतनी बड़ी रकम कहां से लाई जा रही थी, किस उद्देश्य से ले जाई जा रही थी।

### केशियाड़ी में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा थाना अंतर्गत केशियाड़ी मोड़ रेलगेट इलाके में शुक्रवार की दोपहर एक रेल दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेलदा के मोहम्मदपुर निवासी महादेव घोड़ाई (18) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महादेव दोपहर में मछली पकड़ने वाला जाल लेकर बेलदा-केशियाड़ी मोड़ स्थित 24 नंबर रेलगेट के पास रेल लाइन से सटे एक खाल (नहर) में गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक रेलवे ट्रैक के किनारे-किनारे चल रहा था, तभी अचानक तीसरी लाइन पर एक ट्रेन आ गई। महादेव को संभलने का मौका नहीं मिला और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसआईआर : फुरफुरा शरीफ के पीरजादा ताहा सिद्दीकी को मिला सुनवाई का नोटिस

**हुगली, समाज्ञा :** फुरफुरा शरीफ के पीरजादा ताहा सिद्दीकी को एसआईआर की सुनवाई का नोटिस भेजा गया है। ताहा ने शुक्रवार को कहा कि मुझे गुरुवार को सुनवाई का नोटिस दिया गया था। मैंने सुना है कि मेरे पिता के नाम पर भी नोटिस आएगा? भले ही उनकी मौत हो चुकी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एसआईआर के नाम पर परेशान किया जा रहा है। ताहा ने दावा किया कि पूरे राज्य में जहां भी एसआईआर सुनवाई के नोटिस भेजे जा रहे हैं, उनमें से ज़्यादातर मुस्लिम हैं। एसआईआर भाजपा के फ्यूल से किया जा रहा है। उनके दिमाग में यह बात बैठ गई है कि राज्य में मुस्लिम तृणमूल को वोट देंगे। इसलिए, मुस्लिम वोटों को खत्म करने की साज़िश चल रही है। फुरफुरा पंचायत इलाके में 14,000 वोटर हैं। इनमें से 7,000 लोगों को हियरिंग नोटिस मिला है, जिसमें से 6,850 लोगों को अल्पसंख्यक मुस्लिमों से नोटिस मिलने की खबर है। ताहा ने यह भी दावा किया कि यह नोटिस सिर्फ मुस्लिमों को ही नहीं बल्कि कई हिंदू नागरिकों को भी भेजा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रहाणे वानखेड़े स्टेडियम में 'एमसीए क्रिकेट किट फेयर' का उद्घाटन करेंगे

**मुंबई:** पूर्व भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के यहां 17 और 18 जनवरी को होने वाले 'क्रिकेट किट फेयर' के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। इस तरह का मेला पिछले साल आयोजित किया गया था और एमसीए की इस पहले में क्रिकेट के उपकरण बनाने वाली कई शीर्ष कंपनियों ने हिस्सा लिया था। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'पहले चरण में मिली प्रतिक्रिया को देखते हुए हमें इसे जारी रखने का हौसला मिला। इसमें सभी उम्र के खिलाड़ी सीधे कंपनियों से 30 से 50 प्रतिशत कम कीमत पर क्रिकेट उपकरण खरीद सकते हैं।' वहीं रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड के लिए मुंबई टीम की घोषणा शनिवार को होने की उम्मीद है।

### राधा और श्रेयंका चमकीं, आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई

**नवी मुंबई :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राधा यादव (66 रन) के अर्धशतक और ऋचा घोष के साथ शतकीय भागीदारी के बाद ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (23 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स को 32 रन से शिकस्त दी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी ने जीत की लय जारी रखते हुए तीसरे मुकाबले में लगातार तीसरी जीत हासिल की जबकि गुजरात जायंट्स को चौथे मैच में दूसरी हार झेलनी पड़ी। आरसीबी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राधा और ऋचा घोष (44 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी से सात विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।

# निर्णायक मुकाबले में भारत की कुलदीप और स्पिन रणनीति पर होगी निगाह

**इंदौर:** न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम को अपने गेंदबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। पहले दो मैचों में स्पिन आक्रमण अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाया, जबकि कीवी टीम के धीमी गति के गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा है। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड की आसान जीत ने भारत की बीच के ओवरों की कमजोरी उजागर की। कुलदीप यादव न तो नियंत्रण बना सके और न ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर पाए। शतकवीर डैरिल मिचेल ने उनके खिलाफ पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए लेंथ और लाइन दोनों पर हमला किया, जबकि स्वीप शॉट से भारतीय रणनीति को निष्प्रभावी कर दिया। इसके उलट न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों पर लगाम कसी। होलकर स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी



के अनुकूल पिच पर विविधता से ज्यादा अनुशासन अहम होगा। कुलदीप सहित भारतीय स्पिनरों को गेंद सपाट रखने, स्टंप्स पर आक्रमण करने और मैदान के बड़े हिस्सों का चतुराई से उपयोग करना होगा। राजकोट में चोटिल वाशिंगटन सुंदर की कमी खली। उनकी जगह खेले नीतीश कुमार रेड्डी से सीमित ओवर ही कराए गए। मौजूदा हालात में ऑफ स्पिनर आयुष बडोनी बेहतर विकल्प हो सकते हैं। टीम प्रबंधन तेज आक्रमण मजबूत करने पर भी विचार कर सकता है-अर्शदीप सिंह को मौका मिलने पर प्रसिद्ध कृष्णा बाहर हो सकते हैं, हालांकि उनका प्रदर्शन खराब नहीं रहा है। मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुवाई करेंगे। बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना कम है। होलकर में भारत का रिकॉर्ड मजबूत रहा है-यहां खेले पिछले पांचों वनडे उसने जीते हैं। श्रृंखला जीतने के लिए भारत को तीनों विभागों में समग्र प्रदर्शन करना होगा।

## पहले मैच में गुकेश का सामना सिंदारोव से, भारतीय खिलाड़ियों की होगी कड़ी परीक्षा

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड):** विश्व चैंपियन डी गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार से यहां शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जहां पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है। इसकी शुरुआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। गुकेश



ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानानंदा से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। मौजूदा चैंपियन प्रज्ञानानंदा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों में रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहे। अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

### अंडर-19 विश्व कप: बांग्लादेश के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत

**बुलावायो:** पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम शनिवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। हालांकि बांग्लादेश की टीम को हल्के में लेना भारत के लिए भूल हो सकती है, क्योंकि उसके पास संतुलित बल्लेबाजी और मजबूत गेंदबाजी आक्रमण मौजूद है। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम ने बारिश से प्रभावित अपने शुरुआती मुकाबले में अमेरिका को 107 रन पर समेटकर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी। इस मैच में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट झटककर प्रभावित किया, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी सटीक प्रदर्शन किया। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।

### डब्ल्यूपीएल: तीन दिन में दूसरी बार आमने-सामने होंगे यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस

**नवी मुंबई:** सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से ओतप्रोत यूपी वॉरियर्स की टीम शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। पहले तीन मुकाबलों में जीत हासिल नहीं कर पाने वाली वॉरियर्स ने गुरुवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अपना खाता खोला। यह दोनों टीम तीन दिनों में दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। वॉरियर्स को हालांकि अभी भी अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर समस्या का समाधान ढूंढना होगा, क्योंकि सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार चौथे मैच में नहीं चल पाई। मुख्य कोच अभिषेक नायर और कप्तान मेग लैनिंग अब फोएबे लिचफील्ड से पारी की शुरुआत कराने या श्वेता सहरावत जैसी किसी खिलाड़ी को शीर्ष क्रम में आजमाने के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। ऐसे में नवगिरे को मध्यक्रम में या फिनिशर के रूप में खेलने के लिए कहा जा सकता है।

## इंडिया ओपन: लक्ष्य सेन तीन गेम के संघर्ष में हारकर बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

**नयी दिल्ली:** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन शुक्रवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कड़े मुकाबले के बाद चीनी ताइपे के लिन चुन यी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। अल्मोड़ा के 24 वर्षीय लक्ष्य ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ तीन गेम तक जोरदार मुकाबला किया, लेकिन निर्णायक क्षणों में बढ़त बनाए रखने में नाकाम रहे। उन्हें 21-17, 13-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला लंबी और थका देने वाली रैलियों से भरा रहा,



जिसमें दोनों खिलाड़ियों की फिटनेस, संयम और सटीकता की कड़ी परीक्षा हुई। लक्ष्य ने पहला गेम शानदार अंदाज में शुरू किया। स्कोर 7-7 की बराबरी के बाद उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए ब्रेक में बढ़त बनाई। तेज रैलियों और लिन की गलतियों का फायदा उठाकर लक्ष्य ने 16-11 की बढ़त ली और अंततः पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में परिस्थितियां बदल गईं और लक्ष्य को शटल पर नियंत्रण में दिक्कत हुई। लगातार बेसलाइन से चूकने के कारण लिन ने इस गेम में वापसी करते हुए मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में लक्ष्य ने 4-0 की बढ़त से शुरुआत की, लेकिन लिन ने लगातार जंप और क्रॉस-कोर्ट स्मैश से दबाव बनाया। अंतिम क्षणों में लक्ष्य के कुछ कमजोर रिटर्न भारी पड़े और लिन ने मैच प्वाइंट हासिल कर मुकाबला जीत लिया।

## विश्व कप विवाद को सुलझाने के लिये बांग्लादेश जायेंगे आईसीसी अधिकारी

**दुबई:** भारत में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर गतिरोध को खत्म करने के लिये आईसीसी का दो सदस्यीय दल शनिवार को ढाका जायेगा। आईसीसी पहले ही संकेत दे चुकी है कि बांग्लादेश के मैच अन्यत्र आयोजित करा पाना संभव नहीं है। आईसीसी का दल सुरक्षा को लेकर बांग्लादेश की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करेगा। बांग्लादेश आईसीसी से लगातार अनुरोध कर रहा है कि सुरक्षा कारणों से कोलकाता और मुंबई में होने वाले उसके मैच भारत के बाहर आयोजित कराये जायें। बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द किये जाने के बाद से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने यह मांग उठाई है। एक जानकार सूत्र ने बताया ,'इस समय यही सूचना (आईसीसी अधिकारियों का ढाका दौरा) मिली है। बातचीत चल रही है और मामले का हल निकालने के सभी संभावित तरीकों पर बात होगी। उम्मीद है कि बांग्लादेश सरकार के अधिकारी भी बातचीत में शामिल होंगे।'

### बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने बहिष्कार खत्म किया, बीपीएल फिर शुरू

**ढाका:** बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के कल्याण संघ के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया जिससे शुक्रवार से बीपीएल टी20 के मैच फिर से शुरु हो गए।

## मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद है: हेनिल

**बुलावायो:** अमेरिका के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के पहले मैच में पांच विकेट लेकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने कहा कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन की मैदान पर आक्रामकता से प्रेरणा मिलती है। पटेल ने गुरुवार को यहां खेले गए मैच में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के चैंपियन भारत ने अपने अभियान



की शानदार शुरुआत की। यह पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप में किसी भारतीय गेंदबाज का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे बेहतर प्रदर्शन केवल कमल पासी (2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 23 रन देकर छह विकेट) और अनुकूल रॉय (2018 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट) ने किया है। पटेल ने आईसीसी डिजिटल से कहा, 'मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद है। उनकी गेंदबाजी इतनी अच्छी थी कि कोई भी बल्लेबाज उनके सामने खुलकर नहीं खेल पाता था। उनका सामना करना बहुत मुश्किल था।'



## भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए 'सबसे महत्वपूर्ण समझौता' साबित होगा: गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 'सबसे महत्वपूर्ण समझौता' साबित होगा। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि यह समझौता भारत और यूरोपीय संघ दोनों के लिए अच्छा और पारस्परिक रूप से लाभकारी साबित होगा। उन्होंने भारत-ईयू एफटीए के बारे में यहां संवाददाताओं से कहा, यह व्यापार समझौते में सबसे महत्वपूर्ण समझौता होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार काफी हद तक संतुलित है। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यात क्षेत्रों के लिए भी यह एक 'सुपर' समझौता होगा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत और यूरोपीय संघ प्रस्तावित एफटीए पर बातचीत पूरी करने के 'बेहद करीब' हैं। अग्रवाल ने कहा था कि शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए चर्चा जारी है ताकि इस महीने के अंत में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की यात्रा के दौरान इस समझौते की घोषणा की जा सके। वर्ष 2014 से अब तक सात देशों एवं समूहों के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## आरबीआई गवर्नर ने प्रमुख आर्थिक संकेतकों के आधार वर्ष में संशोधन का स्वागत किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्हो-त्रा ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई), सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार वर्ष में किया गया संशोधन बदलते उपभोग रुझानों एवं आर्थिक संरचना को बेहतर ढंग से दर्शाएगा और अधिक सटीक मौद्रिक नीति एवं आर्थिक वृद्धि को समर्थन देगा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के लिए आधार वर्ष में संशोधन की घोषणा की है। इस फैसले का स्वागत करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी जैसे व्यापक आर्थिक संकेतक आरबीआई की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि यह प्रक्रिया केवल आधार वर्ष बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पद्धतियों, भार, वस्तु टोकरी, आंकड़ा स्रोतों और गणना तकनीकों में भी संशोधन शामिल हैं। मल्होत्रा ने कहा



कि सीपीआई आरबीआई की लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण प्रणाली का आधार है और इसके आधार वर्ष को अद्यतन करने से घरेलू उपभोग और खर्च के मौजूदा रुझानों को अधिक सटीक रूप से प्रतिबिंबित किया जा सकेगा। जीडीपी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह अर्थव्यवस्था की बदलती संरचना, खासकर सेवाओं, डिजिटल गतिविधियों और नए कारोबारी मॉडलों को बेहतर तरीके से दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि आईआईपी की गणना में संशोधन वास्तविक अर्थव्यवस्था की गति का आकलन मजबूत करेगा। आरबीआई गवर्नर ने इसे समय के अनुरूप और स्वागत-योग्य कदम बताते हुए कहा कि इससे मूल्य स्थिरता बनाए रखने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

# इन्फोसिस के दम पर शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा

**मुंबई:** आईटी दिग्गज इन्फोसिस के शेयरों में तेज उछाल आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौटी और प्रमुख सूचकांक दो दिन बाद हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 188 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 29 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दो कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद 187.64 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 752.26 अंक उछलकर 84,134.97 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 28.75 अंक यानी 0.11 प्रतिशत चढ़कर 25,694.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह



में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस के शेयर में सर्वाधिक 5.67 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। इन्फोसिस का दिसंबर तिमाही में परिचालन राजस्व 8.9 प्रतिशत बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए राजस्व वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 3-3.5 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल रहे। दूसरी तरफ, इटर्नल, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजित इन्-वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आईटी और मझोले बैंकिंग शेयरों के बेहतर तिमाही नतीजों से बाजार में सकारात्मक रुझान दिखा। हालांकि कारोबारी सत्र के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली होने से तेजी सीमित रह गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,781.24 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,217.28 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में कारोबार बंद रहा था। महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव का मतदान होने से बाजार बंद रहे।

### रत्न एवं आभूषण निर्यात दिसंबर में 4.98 प्रतिशत घटकर 188.38 करोड़ डॉलर: जीजेईपीसी

**मुंबई:** भारत का कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर 4.98 प्रतिशत घटकर 188.38 करोड़ डॉलर (16,978.44 करोड़ रुपये) रहा। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने मुख्य निर्यात बाजारों की मांग पर असर डाला। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी ने कहा कि दिसंबर 2024 में कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात 198.26 करोड़ डॉलर (16,843.87 करोड़ रुपये) का रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान निर्यात सालाना आधार पर 2,075.13 करोड़ डॉलर पर लगभग स्थिर रहा। पिछले साल इसी अवधि में यह 2,083.74 करोड़ डॉलर था। जीजेईपीसी ने कहा कि लगभग एक जैसा प्रदर्शन, बाजार में स्थिरता दिखाता है। आभूषण निर्यात खासकर सोने, चांदी और प्लैटिनम आभूषण में अच्छी वृद्धि हुई है, जिससे तराशे और पॉलिश किए हुए हीरे और प्रयोगशाला में निर्मित हीरे में आई नरमी की भरपाई हुई है।

## डाक से भेजे जाने वाले माल पर 15 जनवरी से निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं लागू: सीबीआईसी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसी निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं अब डाक के जरिये भेजे जाने वाले माल पर भी लागू होंगी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन प्रोत्साहनों से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों विशेष रूप से छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों के निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है और डाक निर्यात को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया, ' सीबीआईसी ने 'ड्यूटी ड्रॉबैक', निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की छूट (आरओडीटीईपी) और राज्य एवं केंद्रीय करों तथा शुल्क की छूट (आरओएससीटीएल) योजनाओं के तहत निर्यात से संबंधित लाभों को 15 जनवरी 2026 से डाक के जरिये इलेक्ट्रॉनिक रूप में किए गए निर्यातों तक विस्तारित कर दिया है।' 'ड्यूटी ड्रॉबैक' निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता है। इसके तहत निर्यात किए गए माल के निर्माण या उत्पादन में उपयोग किए गए कच्चे माल पर चुकाए गए सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क (या उनके समकक्ष कर) का पूरा या आंशिक 'रिफंड' निर्यातक को दिया जाता है। ईवाई इंडिया के कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि डाक मार्ग के लिए आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल के लाभों का विस्तार करके, सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों में एमएसएमई के लिए एक लंबे समय से चली आ रही अनुपालन बाधा को दूर कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस उपाय का उद्देश्य डाक माध्यमों का उपयोग करने वाले निर्यातकों के लिए समान अवसर प्रदान करना एवं सीमा पार ई-कॉमर्स के विकास के लिए एक अनुकूल तथा समावेशी परिवेश बनाना है। सीबीआईसी ने इन लाभों को क्रियान्वित करने के लिए डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा और प्रसंस्करण) विनियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इससे निर्यातकों को डाक मार्ग से निर्यात किए गए माल के लिए 'ड्यूटी ड्रॉबैक', आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल लाभों का दावा करने में सक्षम बनाया जा सके। भारत में वर्तमान में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-7 के तहत अधिसूचित 28 विदेशी डाकघर (एफपीओ) हैं। सीबीआईसी ने डाक और 'कूरियर' माध्यमों से सीमा पार व्यापार को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं। डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा एवं प्रसंस्करण) विनियम, 2022 डाक निर्यात के लिए निर्यात घोषणाओं के संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक प्रसंस्करण को सक्षम बनाते हैं।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 50 पैसे टूटकर 90.84 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** रुपये में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 50 पैसे टूटकर 90.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकसी से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर वैश्विक रुख और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती ने विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी को तेज कर दिया जबकि घरेलू निवेशकों ने निचले मूल्य पर शेयरों की खरीद की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.37 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 90.89 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 90.84 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो बुधवार को बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है।

### चांदी 3,600 रुपये की तेजी के साथ 2.92 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर, सोना फिसला

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी की कीमत लगातार छठे दिन रिकॉर्ड तेजी के साथ 3,600 रुपये उछलकर 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। स्टॉकिस्टों की लगातार लिवाली के बीच चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर से नीचे आ गया और 1,100 रुपये घटकर 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। बृहस्पतिवार को चांदी 2,89,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर वैश्विक रुख के बावजूद लगातार औद्योगिक उठाव के कारण चांदी मजबूत बनी हुई।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में मामूली बढ़कर 18,645 करोड़ रुपये पर

**मुंबई:** विभिन्न कारोबार से जुड़ा रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मामूली बढ़कर 18,645 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि खुदरा कारोबार में कमजोर रुख ने अन्य क्षेत्रों में हुए लाभ को बेअसर कर दिया। कंपनी के अनुसार, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के कारण खुदरा कारोबार में धीमी वृद्धि देखने को मिली। हालांकि इसके ऊर्जा और डिजिटल इकाइयों का प्रदर्शन अच्छा रहा।

### भारत के दम पर दक्षिण एशिया बना वृद्धि का सबसे चमकदार केंद्र: डब्ल्यूईएफ रिपोर्ट

नयी दिल्ली: हाल में वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में मामूली सुधार के बावजूद अधिकतर शीर्ष अर्थशास्त्री इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था के कमजोर पड़ने की आशंका जता रहे हैं लेकिन भारत के दम पर दक्षिण एशिया वृद्धि का सबसे चमकदार केंद्र बना हुआ है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। डब्ल्यूईएफ की दावोस वार्षिक बैठक शुरू होने से पहले जारी 'मुख्य अर्थशास्त्रियों का परिदृश्य' शीर्षक से जारी रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में मामूली सुधार हुआ है लेकिन अनिश्चितताएं बरकरार हैं। परिसंपत्ति मूल्यांकन, बढ़ता कर्ज, भू-आर्थिक बदलाव और कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाना अवसर और जोखिम दोनों पैदा कर रहा है। दुनिया भर की सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओं के मुख्य अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में शामिल लगभग 53 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में इस वर्ष गिरावट आ सकती है। हालांकि सितंबर, 2025 में ऐसी राय रखने वाले मुख्य अर्थशास्त्रियों का अनुपात 72 प्रतिशत था।

वर्ष 10, पूर्णांक 3476 अंक 286, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in

# अब वैश्विक नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करें भारतीय स्टार्टअप: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय स्टार्टअप से विनिर्माण, गहन प्रौद्योगिकी और वैश्विक नेतृत्व पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' का अगला दशक भारत को नवाचार के वैश्विक अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा करने वाला होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की 10वीं वर्षगांठ पर 'भारत मंडपम' में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप भारत के आर्थिक और प्रौद्योगिकी भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को एक




क्रांति करार देते हुए कहा कि 2014 में जहां देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, वहीं आज यह संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। इनमें से करीब 125 स्टार्टअप एक अरब डॉलर या उससे अधिक मूल्यांकन के साथ 'यूनिकॉर्न' दर्जा हासिल कर चुके हैं। मोदी ने कहा कि इसके साथ ही भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जोखिम लेने की प्रवृत्ति को पहले हतोत्साहित किया जाता था लेकिन अब वह मुख्यधारा में आ गई है और स्टार्टअप रोजगार सृजन, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्थापकों एवं उद्यमियों से कहा, सरकार आपके हर प्रयास में आपके साथ है। मुझे आपकी क्षमता पर पूरा भरोसा है। आपका साहस, आत्मविश्वास और नवाचार भारत के भविष्य को आकार दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों ने भारत की उद्यमशील क्षमताओं को साबित किया है और अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि अगले दशक में भारत नए स्टार्टअप रुझानों और प्रौद्योगिकियों में विश्व का नेतृत्व करे। 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शुरुआत 16 जनवरी, 2016 को हुई थी। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और रोजगार देने वालों की नई पीढ़ी तैयार करना है। कृत्रिम मेधा (एआई) पर सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश एआई क्रांति में आगे रहेगा, उसे उतना ही अधिक लाभ मिलेगा।

## भारत–जापान साझेदारी में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम घटाने की अपार क्षमता: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** भारत और जापान ने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा और उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर शुक्रवार को सहमति जताई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच साझेदारी में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष मौजूद जोखिमों को कम करने की अपार क्षमता है। जयशंकर ने यहां जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारत–जापान रणनीतिक वार्ता में हिस्सा लेने के बाद यह टिप्पणी की। वार्ता में दोनों पक्ष महत्वपूर्ण खनिजों पर एक संयुक्त कार्य समूह और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर एक संवाद तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए। जयशंकर के साथ बातचीत से पहले मोतेगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हमारे बीच



विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी में लगातार प्रगति हो रही है और इसमें विश्व व्यवस्था को आकार देने तथा अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के समक्ष मौजूद जोखिमों को कम करने की अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति शृंखला, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा दोनों पक्षों के बीच साझा हितों की सूचक है। जयशंकर ने कहा, हिंद–प्रशांत क्षेत्र और क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का उपयोगी आदान–प्रदान हुआ। जापान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता तोशिहिरो कितामुरा ने कहा कि जयशंकर और मोतेगी ने अपने विचारों को एकमत करने के लिए विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया और क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के महत्व पर जोर दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लाल किला विस्फोट: दिल्ली की अदालत ने पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट के मामले में तीन डॉक्टरों और एक मौलवी समेत पांच आरोपियों को शुक्रवार को 13 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद, डॉ. मुजम्मिल गनई, मौलवी इरफान अहमद वागे और जसिर बिलाल वानी को न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया था। एनआईए ने पिछले साल 17 नवंबर को श्रीनगर में वानी को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि उसने ड्रोन में बदलाव करके और रॉकेट बनाने की कोशिश करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की थी। पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ ने सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सी–वीसी) में सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली। उन्हें पिछले महीने सतर्कता आयुक्त नामित किया गया था। वशिष्ठ इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) के पद पर कार्यरत थे। वशिष्ठ ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पी. के. श्रीवास्तव के समक्ष सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली। उनकी नियुक्ति के साथ ही सीवीसी अब पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने लगा है। इस निगरानी संस्था का नेतृत्व एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त करता है और इसमें अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त हो सकते हैं। बिहार कैडर के 1991 बैच के पूर्व आईपीएस अधिकारी वशिष्ठ का तीन दशकों से अधिक का उल्लेखनीय करियर रहा है, जिसमें उन्होंने कानून प्रवर्तन, संकट प्रबंधन, सुरक्षा और प्रशासन जैसे विविध व महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएं दी हैं।

### चाबहार बंदरगाह परियोजना पर भारत, अमेरिका के साथ संपर्क में बना हुआ है: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा तेहरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी के मद्देनजर भारत, ईरान में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह के विकास में अपनी भागीदारी के संबंध में विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत में चाबहार बंदरगाह के विकास में भारत एक प्रमुख भागीदार है। अमेरिका ने पिछले साल सितंबर में ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन चाबहार बंदरगाह परियोजना पर भारत को छह महीने की छूट दी थी। यह छूट 26 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है।

## भ्रष्टाचार की शिकायतों में पिछले दो वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है: लोकपाल अध्यक्ष

**नयी दिल्ली :** लोकपाल अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में भ्रष्टाचार रोधी संस्था को प्राप्त शिकायतों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जो नागरिकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। भ्रष्टाचार रोधी संस्था के स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए, इसके अध्यक्ष ने नागरिकों को याद दिलाया कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने वाले जमीनी सिपाही हैं, और यदि वे चुप रहने का विकल्प चुनते हैं, तो वह चुप्पी भी भ्रष्टाचार का एक रूप है। उन्होंने कहा, ''पिछले दो वर्षों में लोकपाल में प्राप्त शिकायतों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2025–26 के लिए अनुमानित शिकायतों की संख्या वर्ष 2024–25 में दर्ज शिकायतों की तुलना में अत्यधिक वृद्धि दर्शाती है। शिकायतों में यह वृद्धि केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह नागरिकों की बढ़ती भागीदारी का प्रतिबिंब है।'' उन्होंने कहा कि इससे यह भी संकेत मिलता है कि नागरिक अपने अधिकारों और नैतिक कर्तव्यों के प्रति अधिक जागरूक हैं और लोकपाल से शिकायत निवारण के लिए संपर्क करने में अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा, ''न्यायाधीशों द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जो मामलों को शीघ्रता से निस्तारित करने के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाती है।'' उन्होंने कहा कि इससे लंबित मामलों की संख्या न्यूनतम हुई है, जिसके परिणामस्वरूप शिकायतों का समय पर और कुशलतापूर्वक निस्तारण हो रहा है।

## युवा ज्ञान पाने के लिए विदेश जा सकते हैं, पर दक्षता का उपयोग भारत के विकास हेतु हो: भागवत



**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि युवाओं को ज्ञान अर्जित करने के लिए विदेश जाने में हिचकिचाना नहीं चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी शिक्षा और दक्षता का उपयोग अंततः भारत के विकास के हेतु हो। छत्रपति संभाजीनगर के दो दिवसीय दौरे पर आए भागवत ने कहा कि आज के युवा प्रबल रूप से देशभक्त हैं और यह भावना जितनी सशक्त होगी, वे देश के लिए उतना ही अधिक योगदान दे सकेंगे। उन्होंने एक युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ज्ञान प्राप्त करने के लिए विदेश जाना गलत नहीं है, लेकिन उस ज्ञान का उपयोग भारत के हेतु होना चाहिए। देश की प्रगति और भविष्य को आकार देने में युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### अगर भारत में कुछ भी होता है, तो इसके बारे में हिंदुओं से पूछा जाएगा

भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा होने पर हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा, क्योंकि भारत ''केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं है, बल्कि देश का चरित्र है''। भागवत ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और स्वीकार करने वाला है, जो रीति–रिवाजों, पहनावे, खान–पान की आदतों, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता को समायोजित करता है, और ऐसे मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख ने कहा, ''भारत में चाहे कुछ अच्छा हो या बुरा, हिंदुओं से ही इसके बारे में पूछा जाएगा। यह सिर्फ एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं है, बल्कि देश का चरित्र है।''

## सोमनाथ मंदिर शाश्वत सनातन का प्रतीक, सृजन करने वालों की ताकत विध्वंसकों से कहीं अधिक : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात का सोमनाथ मंदिर गत एक हजार साल में 16 आक्रमणों के बावजूद शाश्वत 'सनातन धर्म' के प्रतीक के रूप में शान से खड़ा है और दिखाता है कि सृजन करने वालों की शक्ति विनाश करने वालों से कहीं अधिक है। शाह ने यहां यमुना नदी के किनारे स्थित विशाल बांसेरा पार्क में तीसरे अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का उद्घाटन किया और लोगों को, विशेषकर किसानों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा कि मकर संक्रांति को विभिन्न क्षेत्रों में लोहड़ी, बिहू, पोंगल और खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है जो मूल रूप से किसानों का त्योहार है और सूर्य देवता की जीवनदायी शक्ति का प्रतीक है। शाह ने पतंग महोत्सव पर कहा कि यह देश के लोगों को दिल्ली



से जोड़ेगा और उन्होंने दिल्ली सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से इसे देश और दुनिया के अग्रणी आयोजनों में से एक बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस आयोजन को और अधिक समग्र बनाने के लिए एक समिति का गठन किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस परेड में मनाया जाएगा वंदे मातरम के 150 साल का जश्न, नदियों के नाम पर होंगी दीर्घाएं

**नयी दिल्ली :** इस साल गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परेड के लिए कर्तव्य पथ पर बनाई गई दीर्घाओं का नाम नदियों के नाम पर रखा जाएगा और इनमें पुराने चित्र लगाए जाएंगे, जिन पर राष्ट्रीय गीत की शुरुआती पंक्तियां अंकित होंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य मंच पर फूलों से बनाई गई कलाकृतियों के जरिये 'वंदे मातरम' के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, परेड स्थल पर बनाई गई दीर्घाओं को इंगित करने के लिए इस बार पारंपरिक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले 'वीवीआईपी' सहित अन्य शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाएगा, बल्कि इनका नाम भारतीय नदियों के नाम पर रखा जाएगा। रक्षा सचिव आर.के. सिंह ने 'साउथ ब्लॉक' में आयोजित एक प्रेस वार्ता में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के जश्न की व्यापक रूपरेखा साझा की, जिसमें इस बार कई चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। अधिकारियों के अनुसार, इस बार गणतंत्र दिवस समारोह की थीम 'वंदे मातरम के 150 साल' रखी गई है और परेड में इसका जश्न मनाया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस परेड में भैरव बटालियन करेगी अपना पहला प्रदर्शन

नवगठित भैरव लाइट कमांडो बटालियन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में अपना पहला प्रदर्शन करेगी और स्वदेशी प्लेटफार्मों सहित प्रमुख सैन्य संपत्तियां कर्मियों के साथ चरणबद्ध युद्ध संरचना में कर्तव्य पथ पर नजर आएंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि इसके अलावा, समारोह में होने वाले 'फ्लाईपास्ट' में राफेल, सुखोई–30, पी8आई, मिग–29, अपाचे, एलसीएच (हल्के लड़ाके हेलीकॉप्टर), एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर), एमआई–17 हेलीकॉप्टर विभिन्न संरचनाओं में दिखेंगे और परिवहन विमान सी–130 तथा सी–295 भी परेड की शोभा बढ़ाएंगे।

## असम चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी भाजपा: हिमंत



**अगरतला :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विश्वास जताया है कि मार्च या अप्रैल महीने में होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फिर से सत्ता हासिल करेगी। गोमती जिले में उदयपुर स्थित माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर में बृहस्पतिवार को पूजा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शर्मा ने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा फरवरी महीने में हो सकती है। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो काम किया है और जो शत प्रतिशत वादे पूरे किये है, उससे लगता है कि पार्टी एक बार फिर 126 सदस्यीय असम विधानसभा में शानदार बहुमत से वापसी करेगी। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा आगामी चुनाव में विकास और असम की अस्मिता के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच सालों में पारदर्शी तरीके से 1.6 युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। शर्मा ने उत्तर पूर्व खासकर, असम में बंग्लादेशी घुसपैठ को लेकर भी चिंता जताई।

## सूरत : पत्नी के आत्मदाह करने पर पति ने उसे बचाने के बजाय बनाया वीडियो, गिरफ्तार

**सूरत :** सूरत में पारिवारिक विवाद की वजह से 31 वर्षीय महिला ने घर में आत्मदाह कर लिया, लेकिन मौके पर मौजूद पति ने उसे बचाने के बजाय घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पति रंजीत साहा (33) ने पत्नी को बचाने के बजाय उसके आत्मदाह का वीडियो रिकॉर्ड किया, इसपर संज्ञान लेते हुए क्रूरता और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि प्रतिमादेवी नामक महिला ने चार जनवरी को यह आत्मघाती कदम उठाया और 12 जनवरी को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस निरीक्षक एसी गोहिल ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि इच्छापुर पुलिस थाने में 14 जनवरी को साहा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85 (पति/रिश्तेदार द्वारा क्रूरता) और 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। गोहिल ने बताया कि मौत से एक दिन पहले 11 जनवरी को पुलिस को दिये बयान में महिला ने कहा था कि उसने आत्मदाह की कोशिश की थी। हालांकि, महिला के भाई को उसके पति की संलिप्तता का संदेह था और उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस निरीक्षक ने कहा, ''मामले की जांच के दौरान हमे साहा के मोबाइल फोन में एक वीडियो क्लिप मिली जिससे जानकारी मिली कि वह अपनी पत्नी को बचाने के बजाय घटना रिकॉर्ड कर रहा था।'' पुलिस ने बताया कि

## हजार करोड़ रुपये से अधिक के अवैध लेन-देन में बैंक अधिकारी समेत 19 के खिलाफ प्राथमिकी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराध और अन्य अवैध गतिविधियों से अर्जित एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि के लेन–देन के मकसद से 'म्यूल' खाते खोलने के आरोप में पंजाब एंड सिंध बैंक के एक शाखा प्रमुख तथा 18 अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की प्रारंभिक जांच में जाली दस्तावेजों का उपयोग करके ऐसी कंपनियों के नाम पर 13 'म्यूल' खाते खोले जाने का खुलासा हुआ जो अस्तित्व में ही नहीं थी और इसी के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। एजेंसी ने पाया कि कई व्यक्तियों ने राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित बैंक की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाखा में खाते खोलने के लिए जाली केवाईसी दस्तावेज, फर्जी किरायानामा और अन्य सहायक फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए थे। तब इस शाखा के प्रमुख विकास वाधवा थे। एजेंसी ने प्राथमिकी में आरोप लगाया, ''उक्त खाते अज्ञात बैंक अधिकारियों की मिलीभगत और आपराधिक साजिश से खोले गए थे।'' 'म्यूल' खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं।

## इंदौर में दूषित पेयजल पीड़ितों से मिलेंगे राहुल गांधी, सम्मेलन को प्रशासन की 'ना' : कांग्रेस

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से उल्टी–दस्त प्रकोप के कारण कई लोगों की मौत के बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को शहर के पीड़ित परिवारों और मरीजों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आठ से 10 मरीजों की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने बताया कि गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचकर निजी क्षेत्र के बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे और उल्टी–दस्त के प्रकोप के कारण भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल जानेंगे। पटवारी ने बताया कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भागीरथपुरा भी पहुंचेंगे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात करके उनके प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा, ''हम दूषित पेयजल की समस्या के समाधान पर सकारात्मक चर्चा के लिए गांधी की मौजूदगी में बुद्धिजीवियों, पर्यावरणविदों और राज्य भर के नगर निगम पार्षदों का एक सम्मेलन आयोजित करना चाहते थे, लेकिन हमें प्रशासन ने इस आयोजन की अनुमति नहीं दी। इसलिए हम बाद में यह सम्मेलन आयोजित करेंगे।'' पटवारी ने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 70 प्रतिशत पानी दूषित होने के कारण पीने योग्य नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दूषित पेयजल को 'धीमा जहर' करार देते हुए दावा किया कि इससे लोगों की किडनी और अन्य अंगों को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। पटवारी ने संस्कृत की मशहूर कहावत 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' का हवाला देते हुए प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और कहा, इंदौर में दूषित पेयजल से कई लोगों की मौत के बावजूद राज्य के मंत्री भव्य आयोजनों में व्यस्त हैं और वे हमें गालियां देकर कह रहे हैं कि हम इस घटना को लेकर सवाल क्यों उठा रहे हैं? शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से लोगों के बीमार पड़ने का सिलसिला दिसंबर के आखिर में शुरू हुआ था।

**PWD (GOVT OF WB)**
**TENDER NOTICE**

eNIT No.: 90/City(M) of 2025-26 of The E.E.-I , City Dvn., P.W.D. for a work within Maidan area Kolkata are invited from bonafied bidders only having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on 31.01.2026 at 15.00 hrs. Tender ID: 2026_PWD_990046_1. Other details may be seen from the web site: http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in.

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**e-Tender Notice**

The TIC, Kamarda High School, VILL- Kamarda, P.O.-Kamarda Bazar, P.S.- Khejuri, Dist.- Purba Medinipur invites percentage rate eTenders for Building Works under MPLAD Fund. NIT Memo No. KHS/01/2025-26 dt. 13.01.2026. Information details are available in the website https://wbtenders.gov.in

Sd/-
Teacher-in-Charge,
Kamarda High School (H.S.)
Kamarda Bazar, Khejuri, Purba Medinipur

Office of
Block Development Officer
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
044/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-14.01.2026
e-tender is invited by the B.D.O, Salboni Development Block for 40 Nos civil work under Salboni Development Block For details pl visit: www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 15.01.2026
Bid Closing date: 30.01.2026
Bid Opening date: 02.02..2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

Office of
Block Development Officer
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
045/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-15.01.2026
e-tender is invited by the B.D.O, Salboni Development Block for 8 Nos civil work under Salboni Development Block For details pl visit: www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 16.01.2026
Bid Closing date: 30.01.2026
Bid Opening date: 02.02..2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

## ईडी ने अल फलाह विश्वविद्यालय की संपत्तियां कुर्क कीं, आरोप-पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय की लगभग 140 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां शुक्रवार को कुर्क कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट के खिलाफ आरोप–पत्र दाखिल किया है। अल फलाह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए कार बम विस्फोट के बाद केंद्रीय एजेंसियों की जांच के घेरे में है। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी एक अंतरिम आदेश के तहत फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालय की 54 एकड़ भूमि, विश्वविद्यालय की इमारतों, विभिन्न स्कूलों और विभागों से संबंधित इमारतों और छात्रावासों को कुर्क कर लिया गया है। 'पीटीआई' ने इस सप्ताह की शुरुआत में सबसे पहले यह खबर दी थी कि ईडी अल फलाह ट्रस्ट के स्वामित्व वाली इन संपत्तियों को ''अपराध से अर्जित आय'' के रूप में वर्गीकृत करते हुए इन्हें कुर्क करने जा रही है। सिद्दीकी को नवंबर में ईडी ने उनके ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों के छात्रों के साथ धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के आरोपों में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने दावा किया कि शिक्षण संस्थानों के पास शिक्षण के लिए आवश्यक वैध मान्यता नहीं थी। अधिकारियों ने बताया कि पीएमएलए की विशेष अदालत में सिद्दीकी और अल फलाह ट्रस्ट के खिलाफ भी आरोप–पत्र दायर किया गया है।

## 7 राज्यों की 26 जगहों पर ईडी का छापा, इंटरनेशनल ड्रग रैकेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के तार

**नयी दिल्ली :** ईडी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गोवा, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और दिल्ली सहित सात राज्यों में 26 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। ईडी के पणजी जोनल कार्यालय ने शुक्रवार तड़के तलाशी अभियान शुरू किया। यह तलाशी मधुपन सुरेश शशिकला से संबंधित है। पूरा मामला अवैध अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी और अपराध से प्राप्त धन की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है।

ईडी ने एक बयान में कहा, यह तलाशी ईसीआईआर के तहत की गई है, जो गोवा पुलिस की एंटी–नारकोटिक्स सेल द्वारा मादक पदार्थों और मनोरोगी पदार्थों (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत दर्ज एफआईआर पर आधारित है, जिसमें व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी शामिल है।

### अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा

ईडी ने बताया कि तलाशी अभियान से एक सुसंगठित अंतरराज्यीय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पता चला है। इसके अलावा, गोवा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा और केरल सहित कई राज्यों में व्यापारिक आधार पर मादक पदार्थों के वितरण का पता चला है। इसके अलावा, तलाशी अभियान के दौरान, ईडी ने चरस और अन्य प्रतिबंधित पदार्थों सहित मादक पदार्थों के साथ–साथ बड़ी मात्रा में नकदी, साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए। ईडी ने कहा, जब्त किए गए डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों के विश्लेषण से ऐसे सबूत मिले हैं जो भारत के भीतर और कई राज्यों में एमडीएमए, एक्स्टसी, हशीश, कुश, मशरूम, राशोल क्रीम, कोकीन, सुपर क्रीम आदि सहित मादक पदार्थों की बड़े पैमाने पर आपूर्ति का संकेत देते हैं।

### कई लोगों के शामिल होने का खुलासा

ईडी की तरफ से बताया गया कि, जांच में आपूर्तिकर्ताओं के साथ संबंधों और नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला में कई सहयोगियों और सुविधादाताओं की सक्रिय संलिप्तता तथा अवैध आय के मनी लॉन्ड्रिंग का भी खुलासा हुआ है। इसके अलावा, जांच से प्राप्त प्रासंगिक जानकारी को अन्य संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के साथ साझा करने की प्रक्रिया में है ताकि कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जा सके। ईडी ने कहा कि वह संगठित मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को नष्ट करने और अपराध की आय को वैध बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वित्तीय चैनलों को बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**e-Auction**

The Executive Officer, Pingla Panchayat Samiti, invites online application for selling of 142 Nos. of Standing trees by auction.
Auction Sale Notice No: 02/Pingla/2025-26

**NOTICE INVITING E- TENDER NO.**

| Description | Important Date |
|---|---|
| Last Date Online Application | 27.01.2026 up to 04:00 P.M. |
| Auction Start Date & Time | 29.01.2026 at 02:00 P.M. |
| Auction End Date & Time | 29.01.2026 at 04:00 P.M |

Details of the Auction notice is available in website https://eauction.gov.in

Sd/- Executive Officer,
Pingla Panchayat Samiti


सत्यमेव जयते
₹3250 करोड़ से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं से
पश्चिम बंगाल और असम में एक नए युग का शुभारम्भ
WAP5 35027
वंदे भारत स्लीपर ट्रेन
मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से
हावड़ा – गुवाहाटी (कामाख्या)
कामाख्या रेलवे स्टेशन से
गुवाहाटी (कामाख्या) – हावड़ा
अमृत भारत एक्सप्रेस
न्यू जलपाईगुड़ी – नागरकोविल
न्यू जलपाईगुड़ी – तिरुच्चिराप्पल्लि
अलीपुरद्वार – एसएमवीटी बेंगलुरु
अलीपुरद्वार – मुंबई (पनवेल)
मेल एक्सप्रेस
बालुरघाट – एसएमवीटी बेंगलुरु
राधिकापुर – एसएमवीटी बेंगलुरु
का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ
4 लेनिंग
एनएच-27 के धुपगुड़ी – फालाकाटा खण्ड
नई रेल लाइन
बालुरघाट – हिली के बीच
लोको शेड का उन्नयन
सिलीगुड़ी में
मालगाड़ियों की अत्याधुनिक रख-रखाव सुविधा
न्यू जलपाईगुड़ी में
वंदे भारत ट्रेनों के लिए
जलपाईगुड़ी में रखरखाव सुविधाओं का उन्नयन
का शिलान्यास
रेल लाइन का विद्युतीकरण
न्यू कोचबिहार – बामनहाट
न्यू कोचबिहार – बक्सिरहाट
का राष्ट्र को समर्पण
परियोजनाओं के प्रमुख लाभ
वंदे भारत स्लीपर ट्रेन:
• सस्ती और आरामदायक यात्रा
• यात्रा समय में लगभग 2.5 से 3 घंटे की कमी
• 180 किमी/घंटा तक की गति
• डिसइंफेक्टेंट तकनीक से युक्त शौचालय
अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें:
• यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी
• सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा
मेल एक्सप्रेस ट्रेनें:
• आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
• पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा
रेल लाइनों का विद्युतीकरण:
• तेज़ और अधिक भरोसेमंद रेल सेवाएं
• बेहतर समयपालन और कम यात्रा समय
• स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेल यात्रा
एनएच-27 सड़क परियोजना:
• महत्वपूर्ण चिकन नेक कॉरिडोर सहित पूर्वोत्तर राज्यों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी
• सिलीगुड़ी और गुवाहाटी के बीच यात्रा में लगभग 1 घंटे की बचत होगी
द्वारा
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
शनिवार, 17 जनवरी 2026 | मालदा टाउन स्टेशन | 11:00 बजे
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. सी. वी. आनंद बोस
राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
नितिन जयराम गडकरी
केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
शान्तनु ठाकुर
केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री
डॉ. सुकान्त मजूमदार
केन्द्रीय शिक्षा और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री
सुवेंदु अधिकारी
प्रतिपक्ष नेता, पश्चिम बंगाल विधानसभा
सामिक भट्टाचार्य
सांसद
खगेन मुर्मु
सांसद
ईशा खान चौधरी
सांसद
भारतीय रेल
DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia